दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित








● नई दिल्ली।शुक्रवार 04 अप्रैल-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 104 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3



# सादर आमंत्रण

दैनिक समाचार पत्र
करंट क्राइम
सिर्फ सच...

चैत्र नवरात्र के उपलक्ष्य में

राम नवमी के पावन पर्व पर आयोजित

विशाल **भंडारे** में आप सादर आमंत्रित हैं।

दिनांक :
6 अप्रैल, 2025
दिन : रविवार



समय : दोपहर 12.30 बजे से प्रारम्भ
स्थान : के-4, ए-ब्लॉक,
गोविन्दपुरम कमर्शियल एरिया,
हापुड़ रोड, गाजियाबाद

दर्शनाभिलाषी - दैनिक करंट क्राइम परिवार

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। शुक्रवार 04 अप्रैल-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 104 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




## वक्फ संशोधन बिल पर राज्यसभा में चर्चा

# खड़गे बोले: माइनॉरिटीज का हक छीनने की कोशिश

### बीजेडी ने कहा पार्टी ने व्हिप जारी नहीं किया, सांसद अंतरात्मा की सुनें





**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन बिल बुधवार को लोकसभा में पास होने के बाद गुरुवार को राज्यसभा में पेश किया गया। नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- मेरी किस्मत अच्छी है कि मुझे सुनने के लिए गृहमंत्री भी है, लेकिन गुफ्तगु कर रहे हैं। उन्होंने कहा- वक्फ बिल के बारे में सारे देश में ऐसा माहौल बना है कि माइनॉरिटीज को तंग करने के लिए ये बिल लाया गया है। ऐसा कोई बहुत से बदलाव अगर 1995 के एक्ट से होते तो हम मान लेते। जो वहां है वो इसमें डाल दिया। जो नहीं डालना चाहिए वो भी डाल दिया। बीजू जनता दल ने वक्फ बिल पर कहा है कि पार्टी ने अपने सांसदों को कोई व्हिप जारी नहीं किया है। सांसद अपनी अंतरात्मा की सुने और वक्फ बिल पर फैसला लें। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने वक्फ बिल पर विपक्ष के रुख को लेकर निशाना साधा। नड्डा ने कहा- हमने कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार की तुलना में वक्फ बिल को लेकर कहीं ज्यादा गंभीरता दिखाई। यह बिल पार्टी इंट्रेस्ट का नहीं है, यह नेशनल इंट्रेस्ट का विषय है। इसलिए मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए। विषय को डिरेल नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा- बिल में कहीं राम मंदिर आ रहा है। कहीं कुंभ मेला दिख रहा है। बिहार का इलेक्शन दिख रहा। कहीं एअर इंडिया बिक गया। कहीं केरला का सिनेमा आ गया। ये सब चर्चा को डिरेल करने की कोशिश है।

इससे पहले लोकसभा में बुधवार को 12 घंटे की चर्चा के बाद वक्फ संशोधन बिल पास हो गया। रात 2 बजे हुई वोटिंग में 520 सांसदों ने भाग लिया। 288 ने पक्ष में और 232 ने विपक्ष में वोट डाले। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने इसे उम्मीद (यूनीफाइड वक्फ मैनेजमेंट इम्पावरमेंट, एफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट) नाम दिया है।

चर्चा के दौरान एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बिल फाड़ दिया। उन्होंने कहा- इस बिल का मकसद मुसलमानों को जलील करना है। मैं गांधी की तरह वक्फ बिल को फाड़ता हूं। बिल पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- वक्फ में गैर इस्लामिक नहीं आएगा। ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। वोट बैंक के लिए माइनॉरिटीज को डराया जा रहा है।

### रिजिजू बोले- बिल में ट्रांसपैरेंसी, काउंटेबिलिटी, एक्यूरेसी केंद्रित बदलाव



अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि व्यापक चर्चा के बाद तैयार किए गए बिल को जेपीसी के पास भेज दिया गया था। वक्फ को लेकर जेपीसी ने जितना काम किया, उतना काम किसी कमेटी ने नहीं किया। इससे पहले बुधवार देर रात तक चर्चा के बाद इस बिल को लोकसभा से पारित कर दिया गया। रिजिजू ने राज्यसभा में कहा- संशोधित बिल में मुसलमानों के धार्मिक क्रियाकलापों में किसी तरह का हस्तक्षेप कोई गैर मुस्लिम नहीं करेगा। हमने ट्रांसपैरेंसी, अकाउंटेबिलिटी, एक्यूरेसी पर केंद्रित बदलाव किए हैं। हम किसी की धार्मिक भावना को चोट पहुंचाने के लिए नहीं हैं। गरीब मुसलमानों को न्याय मिले, हमारा यही उद्देश्य है।

## पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 18 मई तक जारी रहेगी धारा-163

# त्योहारों, परीक्षाओं, जुलूस, महापुरुषों की जयंती को लेकर लिया गया निर्णय




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले सिटी, ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन में 6 अप्रैल से लेकर 18 मई 2025 तक धारा-163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2030 लागू रहेगी। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद राजेश कुमार ने यह निर्देश जारी किया है।

अधिकारियों ने हवाला दिया है कि 6 अप्रैल को रामनवमी, 10 अप्रैल को महावीर जयंती, 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती, 17 अप्रैल को चंद्रशेखर जयंती, 18 अप्रैल को गुड फ्राइडे, 29 अप्रैल को परशुराम जयंती, 9 मई को महाराणा प्रताप जयंती, 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा सहित आने वाले दिनों में अन्य धार्मिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक आयोजनों और महापुरुषों की जयंती को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 18 मई तक के लिए धारा-163 लगा दी गई है। इसके तहत किसी भी सार्वजनिक स्थल पर पांच या पांच से अधिक व्यक्ति बिना सक्षम अधिकारी के आदेश के धरना-प्रदर्शन, जुलूस एवं एकत्रित नहीं होंगे।

### शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर होगी कार्रवाई



करंट क्राइम : कार्यवाहक एडिशनल सीपी राजेश कुमार ने जानकारी दी है की धारा-163 लागू होने के बाद कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में शांति व्यवस्था भंग करने संबंधी कोई कार्य नहीं करेगा ना ही किसी ऐसे व्यक्ति का सहयोग करेगा जो की शांति व्यवस्था को प्रभावित करता हो वरना ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही किसी भी व्यक्ति को अस्त्र-शस्त्र, विस्फोटक पदार्थ, जलनशील पदार्थ और किसी प्रकार का हथियार लेकर नहीं निकलने दिया जाएगा। वहीं पेट्रोल पंप से डीजल- पेट्रोल को कांच एवं अन्य शीशी में फुटकर बिक्री नहीं करने दी जाएगी।

### सोशल मीडिया से भी होगी निगरानी

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 18 मई तक के लिए धारा-163 लागू कर दी गई है। इसके तहत पुलिस कर्मी प्रत्येक जोन में निगरानी रखने का काम करेंगे। तो वहीं सोशल मीडिया के जरिए भी निगरानी होगी ताकि कोई किसी प्रकार से माहौल न बिगाड़ने पाए। इसके साथ ही पुलिस के अधिकारियों को इस अवधि के दौरान नियम कायदे कानून लागू करने की भी निर्देश दिए गए हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में निषेधज्ञा आदेश गाजियाबाद की सीमाओं में 18 मई की मध्य रात्रि तक प्रभावी रहेगा।

# पिलखुवा की समस्याओं को लेकर चेयरमैन विभू बंसल पहुंच गए लखनऊ

### - परिवहन मंत्री से की मुलाकात और रखा इलैक्ट्रिक बसों का प्रस्ताव

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र के विकास के लिये कृतसंकल्प होते हैं। उनका प्रयास हमेशा यही होता है कि उनके क्षेत्र के लोगों को उनके माध्यम से अधिक से अधिक सुविधाएं मिले। ऐसे ही जनप्रतिनिधि पिलखुवा के नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल हैं। विभू बंसल की खास बात है कि वो जहां क्षेत्र की सुविधाओ के लिये, विकास के लिये लगातार एक्टिव रहते हैं, वहीं हर कोई उनके सौम्य व्यवहार का कायल है। वो अपने व्यवहार को लेकर जनता के बीच एक अलग ही छवि रखते हैं। उनके सौम्य व्यवहार की प्रशंसा क्षेत्र के लोगों से लेकर अधिकारी भी करते हैं। अपनी बात को शालीनता के साथ रखते हैं। पिलखुवा चेयरमैन विभू बंसल हाल ही में लखनऊ पहुंचे और उन्होंने उत्तर प्रदेश के राज्य परिवहन मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह से लखनऊ में मुलाकात की। यहां पर



पिलखुवा

नगर पालिका चेयरमैन विभू बंसल ने ये प्रस्ताव रखा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा साहिबाबाद और कौशांबी डिपो की इलैक्ट्रिक बसों को चलवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिलखुवा नगर के लिये भी इन बसों को गाजियाबाद से पिलखुवा नगर में होते हुए हापुड़ तल चलाया जाए। इलैक्ट्रिक बसों को चलवाने के लिये उन्होंने एक पत्र परिवहन मंत्री को सौंपा। इस पत्र में उन्होंने ये मांग रखी कि प्रदेश सरकार द्वारा कौशांबी, साहिबाबाद, हापुड़, मुरादाबाद और बरेली डिपो की बसों को पिलखुवा नगर पालिका के बस स्टेंड से भी संचालित किया जाए। जिससे कि पिलखुव क्षेत्र के लोगों को ये सुविधा मिल सके।

# नगर आयुक्त आईएएस विक्रमादित्य सिंह मलिक हैं एक ऐसे कार्यकुशल अधिकारी

# विजन से किया काम और निगम की बिगड़ी आर्थिक स्थिति सुधारी






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अधिकारी अगर अपनी योजना बनाकर काम करें और उनके पास सुधार का विजन हो तो फिर जो भी विभाग वो संभालते हैं उसका उद्धार करते हैं। कार्यकुशलता, ईमानदारी और पारदर्शिता इन तीनों ही पैमानों पर अगर बात की जाए तो नगर निगम के नगर आयुक्त आईएएस विक्रमादित्य सिंह मलिक एक ऐसे ही कार्यकुशल अधिकारी हैं। उन्होंने कार्यभार संभालने के बाद जहां नगर निगम की आर्थिक हालत को सुधारा है, वहीं उन्होंने यहां कार्यशैली में भी सुधार किया है।

सबसे बड़ी बात ये है कि वो हमेशा चेहरे पर मुस्कान रखकर बात करते हैं। वो एक लक्ष्य के साथ काम करते हैं और एक ऐसे अधिकारी जो अपनी जिम्मेदारी को पूरी कुशलता के साथ निभाते हैं। नगर आयुक्त आईएएस विक्रमादित्य सिंह मलिक ने 70 प्रतिशत से ज्यादा निगम की देनदारी को खत्म किया है और उन्होंने यहां नगर निगम को लाभ में लाने के लिये काम किया है।

### सभी का लिया सहयोग और बनाया विकास और लाभ का योग



करंट क्राइम। महापौर सुनीता दयाल, जनप्रतिनिधियों व पार्षदों के सहयोग से शहर के विकास को भी बरकरार रखा गया है बल्कि निर्माण विभाग, उद्यान विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जलकल विभाग व प्रकाश विभाग के माध्यम से करोड़ों के कार्य शहर हित में कराए गए हैं, जिसमे निर्माण विभाग का 194 करोड़ उद्यान विभाग का 62 करोड़ जलकल विभाग का 139 करोड़ स्वास्थ्य विभाग का 219 करोड़, प्रकाश विभाग का 33 करोड़ वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट रहा है।

### - नगर आयुक्त ने 70 प्रतिशत से ज्यादा निगम की देनदारी को खत्म किया

### - निर्माण विभाग, उद्यान विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जलकल विभाग व प्रकाश विभाग के माध्यम से करोड़ों के कार्य शहर हित में कराए

### शासन की योजनाओं को शहर तक लाने का कार्य पूरी रफ्तार से

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि जहां गाजियाबाद नगर निगम शहर में विकास के कार्यों को बेहतर तरीके से कर रहा है वही गाजियाबाद नगर निगम की बड़ी लायबिलिटी को भी खत्म करने में जुटा हुआ है जो की जनप्रतिनिधियों तथा निगम अधिकारियों के विशेष सहयोग से मुमकिन हो पा रहा है बची हुई देयता को भी गाजियाबाद नगर निगम प्लानिंग बनाते हुए आगामी कुछ माह में पूर्ण रूप से समाप्त करने का प्रयास कर रहा है' महापौर तथा नगर आयुक्त के कुशल नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शासन की योजनाओं को भी शहर तक लाने का कार्य रफ्तार से किया जा रहा है निगम की आय में भी वृद्धि हो रही है, वर्तमान आर्थिक स्थिति निगम की मजबूत दिखाई दे रही है, समय से कर्मचारियों के वेतन भुगतान के साथ-साथ ठेकेदारों की भी भुगतान प्रक्रिया को गाजियाबाद नगर निगम रफ्तार दे रहा है।

### चालू वित्तीय वर्ष में निगम की देयता हुई 70 प्रतिशत कम

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में जहां गाजियाबाद नगर निगम लगातार शहर में विकास कार्यों को रफ्तार दे रहा है वहीं गाजियाबाद नगर निगम की लायबिलिटी भी कम होती दिखाई दे रही है वित्तीय वर्ष 2023-24 में गाजियाबाद नगर निगम की लायबिलिटी लगभग 200 करोड़ थी जिसको वित्तीय वर्ष 2024- 25 के अंत तक लगभग 70 % कम कर दिया गया है, वर्तमान में गाजियाबाद नगर निगम पर लगभग 50 से 55 करोड़ की देयता बची हुई है जिसको खत्म करने के लिए गाजियाबाद नगर निगम बेहतर प्लानिंग के क्रम में जुटा हुआ है अकाउंट विभाग के साथ-साथ सभी विभागों की अहम भूमिका गाजियाबाद नगर निगम की लायबिलिटी को खत्म करने में रही है।



# जब गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने की जम्मू कश्मीर के निर्दलीय सांसद अब्दुल रसीद शेख से बात

### वो बोले- मैं भाजपा के खिलाफ, लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि मैं हूं कांग्रेस या सपा के साथ

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संसद में इन दिनों वक्फ के नए कानून को लेकर बहस चल रही है। सरकार ये दावा कर रही है कि नया कानून मुस्लिमों के हित में है और इससे वक्फ में फैला भ्रष्टाचार खत्म होगा। वहीं विपक्ष इसका विरोध कर रहा है और भाजपा के सांसद अपना पक्ष रख रहे हैं। गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग हमेशा एक नए दृष्टिकोण से अपनी बात रखते हैं। जब उन्होंने संसद के पहले दिन शपथ ली थी तो अपने जिंदाबाद अंदाज से पूरे सदन का ध्यान खींचा था और ये संदेश दे दिया था कि विचारधारा स्पष्ट है और इससे कोई समझौता नहीं होगा।

लोकसभा सांसद अतुल गर्ग एक बार फिर अपने उसी अंदाज के साथ दिखाई दिये और इस बार उन्होंने जम्मू कश्मीर के बारामूला संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव जीते सांसद अब्दुल रसीद शेख से मुलाकात की। ये मुलाकात इत्तेफाक नहीं था बल्कि इस मुलाकात में सांसद अतुल गर्ग ने अपनी बात अब्दुल रसीद शेख के सामने रखी और उन्होंने यहां अब्दुल रसीद शेख के द्वारा सदन में उठाए गए सवाल का भी उनसे जिक्र किया। दरअसल निर्दलीय सांसद अब्दुल रसीद शेख ने सदन में कहा था कि मुसलमानों को वक्फ का क्या लाभ हुआ। कितने लोगों का फायदा हुआ। उन्होंने कहा कि मैं इस स्थिति से दुखी हूं और सबसे बड़ी बात ये है कि मुसलमान ही मुसलमान को तंग कर रहे हैं।

सांसद अतुल गर्ग ने निर्दलीय सांसद अब्दुल रसीद शेख से पूछा कि आपने जो बात रखी है वो ठीक है। यहां पर अब्दुल रसीद शेख ने कहा कि वक्फ बोर्ड से मुसलमानों का क्या फायदा हुआ, कितने स्कूल, अस्पताल खुले। यहां पर निर्दलीय सांसद अब्दुल रसीद शेख ने कहा कि मैं भाजपा के खिलाफ हूं, लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि मैं कांग्रेस या सपा के साथ हूं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सैकुलरिज्म के नाम पर खंजर घोंपा है। अतुल गर्ग ने यहां निर्दलय सांसद अब्दुल रसीद शेख से कहा कि आपका ये सवाल अच्छा था कि वक्फ की जमीन पर कितने कॉलेज बने हैं, अस्पताल बने हैं। वक्फ की संपत्ति को 50 रूपए किराये पर उठाया गया है जबकि ये किराया 20 हजार रूपए होना चाहिए।



### मैं आतंकवादी हूं या नहीं मेरा खुदा जानता है: अब्दुल रसीद शेख

(करंट क्राइम)। जम्मू-कश्मीर की बारामूला सीट से निर्दलीय सांसद का चुनाव जीते सांसद अब्दुल रसीद शेख आतंकवाद के आरोप में बंद हैं। उन्हें सदन में सत्र के लिये लाया गया है। जब अतुल गर्ग ने उनसे पूछा कि आप तो आतंकवाद के आरोप में बंद हो। तो यहां सांसद अब्दुल रसीद शेख ने कहा कि मैं आतंकवादी हूं या नहीं हूं, ये मेरा खुदा जानता है और कोर्ट तय करेगी। उन्होंने कहा कि मेरा सवाल फिर वही है कि वक्फ बोर्ड से देश के मुसलमानों से क्या फायदाह हुआ। वक्फ की जमीन पर मुस्लिमों के लिये कितने अस्पताल खुले, कितने कॉलेज खुले और एक आम मुसलमान को क्या लाभ मिला।

### जब अतुल गर्ग ने दिया परिचय और कहा- मैं भाजपा सांसद हूं और आरएसएस से हूं

(करंट क्राइम)। जम्मू-कश्मीर की बारामूला सीट से निर्दलीय सांसद अब्दुल रसीद शेख जब अतुल गर्ग से मिले तो वह उन्हें सपा से समझ रहे थे। उन्होंने अतुल गर्ग से कहा भी आप तो सपा से हैं , तो अतुल गर्ग ने उन्हें करेक्ट किया और कहा कि मैं भाजपा में हूं और आरएसएस से हूं। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का ये अंदाज उनकी विचारधारा के स्पष्टवाद का संदेश था। वो केवल संसदीय क्षेत्र और पार्टी बताकर ही शांत नहीं हुए और उन्होंने यहां आंखों में आंखे डालकर ये भी बताया कि मैं आरएसएस से हूं। ये परिचय का एक ऐसा अंदाज था जिसमें विचारधारा की स्पष्टवादिता दिखाई दे रही थी।

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...



# वनों में पेड़ कटाई की खबर पर केंद्र सख्त, तेलंगाना सरकार से सुप्रीम कोर्ट ने भी मांगा जवाब

**हैदराबाद ।** तेलंगाना के गाचीबोवली जंगल में पेड़ों की कटाई पर केंद्र ने तेलंगाना सरकार से रिपोर्ट मांगी है। पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र ने तेलंगाना की कांग्रेस सरकार को नोटिस भेजा है। सरकार से हैदराबाद विश्वविद्यालय परिसर के पास कांचा गाचीबोवली वन क्षेत्र में 400 एकड़ जमीन पर पेड़ों की कथित कटाई के संबंध में तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई है। संसद के बजट सत्र के दौरान राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में ये जानकारी सामने आई।




**सुप्रीम कोर्ट ने अगले आदेश तक रोक लगाई, 16 अप्रैल को सुनवाई :** हैदराबाद विश्वविद्यालय के पास पेड़ों की कटाई का मामला सुप्रीम कोर्ट तक भी पहुचं गया है। शीर्ष अदालत ने अगले आदेश तक किसी भी गतिविधि पर रोक लगा दी है। बृहस्पतिवार को मामले की सुनवाई के दौरान देश की सर्वोच्च अदालत ने कहा, यह एक बहुत ही गंभीर मामला है। तेलंगाना हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार की रिपोर्ट में चिंताजनक तस्वीर दिखाई गई है। अदालत ने तेलंगाना के मुख्य सचिव से पूछा है कि पेड़ों को हटाने सहित अन्य गतिविधियों को शुरू करने की क्या मजबूरी थी ? इस संबंध में दो हफ्ते के भीतर जवाब दाखिल किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने अगली सुनवाई 16 अप्रैल को तय की है ।रात के अंधेरे में ऑपरेशन दुर्भाग्यपूर्ण, कार्रवाई करेगी सरकार इससे पहले संसद में एक सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा, 'हैदराबाद में एक बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है। मैं यह समझने में विफल हूं कि राज्य सरकार को उन पेड़ों और हरित क्षेत्र से किस तरह की दुश्मनी है कि उन्हें रात के अंधेरे में ऑपरेशन करना पड़ रहा है। राज्य सरकार ने 400 से अधिक पेड़ काट डाले। मोर जैसी जंगली प्रजातियों को भगा दिया गया है। आप इसकी वीडियो और तस्वीरें भी देख सकते हैं।' उन्होंने कहा कि केंद्र ने तेलंगाना के मुख्य सचिव को नोटिस भेज कर तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है।

## तीन महीने में एयरलाइंस को मिली 24 फर्जी बम धमकियां

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को सदन में बताया कि इस साल 25 मार्च तक एयरलाइन्स को 24 फर्जी बम धमकी के कॉल मिले थे। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) के आंकड़ों का हवाला देते हुए नागरिक




उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि 2022 से 25 मार्च, 2025 तक एयरलाइन ऑपरेटरों को कुल 836 फर्जी बम धमकियां प्राप्त हुईं। उन्होंने बताया कि, 2022 में कॉल की संख्या 13 थी और 2023 में बढ़कर 71 हो गई। पिछले साल, 728 ऐसी कॉल आई थीं। इस साल 25 मार्च तक यह संख्या 24 थी। लोकसभा में एक लिखित उत्तर में मंत्री ने कहा कि एयरलाइन्स को फर्जी बम धमकी कॉल करने के लिए 2024 में 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

## ई रिक्शाओं से शहर में जाम, आरटीओ ने कहा सीएम के आदेश पर पूरे जिले में चलाया जाएगा अभियान

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में चारों तरफ ई रिक्शाओं से हर राज जाम लग रहा है। सबसे ज्यादा बस अड्डा रोड और मेरठ रोड पर जाम की समस्या है। यहां बीच सड़क पर ई रिक्शाओं ने पार्किंग बना दी है। गुरुवार को भी बीच सड़क पर ई रिक्शाओं पार्क होने से जाम लगा रहा। इनमें सबसे ज्यादा अवैध ई रिक्शा हैं, जिनके खिलाफ पूर्व में भी कार्रवाई की बात कही है। सीएम ने पूरे प्रदेश में दिए अभियान के आदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनाधिकृत ई-रिक्शा व ऑटो की संलिप्तता पाए जाने पर वाहनों के खिलाफ सख्त चेकिंग अभियान चलाने के आदेश दिए हैं। आरटीओ केडी सिंह ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश में अभियान के निर्देश दिए हैं, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके। परिवहन आयुक्त ने सभी पुलिस कमिश्नर, जिलाधिकारी और पुलिस कप्तानों को पूरे प्रदेश में इस अभियान



के निर्देश दिए हैं। आरटीओ ने बताया कि जिन ई रिक्शाओं का रजिस्ट्रेशन नहीं है उन पर कार्रवाई की जाएगी। जो फोर्डिबल हैं उनका भी सत्यापन कराया जाएगा। साथ ही जिन स्थानों पर यह अवैध तरह से बनाकर बेचे जा रहे हैं इन्हें रोकने के लिए भी प्रशासन कार्रवाई करेगा।



# विशेष समुदाय के लोगों की दुकानों को मंदिर परिसर से हटाये जाने की मांग

## एसडीएम को सौपा ज्ञापन

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** सीकरी खुर्द स्थित ऐतिहासिक महामाया मंदिर परिसर में चल रहे देवी मेले के मद्देनजर मंदिर के आसपास हिंदू व सिक्ख धर्म को छोड़कर अन्य धर्म के लोगों द्वारा प्रसाद, फल-फूल, खिलौने व अन्य सामानों को बेचने वाली दुकानों को तत्काल प्रभाव से मेले परिसर से हटाये जाने की मांग को लेकर हिन्दू समाज के लोगों ने एसडीएम को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौपा। गुरूवार को हिंदू समाज के जागरूक लोगों ने तहसील पंहुच एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी डॉ0 पूजा गुप्ता को सौपते हुये मांग की है कि गांव सीकरी खुर्द स्थित महामाया देवी सीकरी मेला मंदिर परिसर के आसपास हिंदू व सिक्ख धर्म को छोड़कर अन्य धर्म के लोगों द्वारा प्रसाद, फल-फूल, खिलौने व अन्य सामानों को बेचने वाली



दुकानों को तत्काल प्रभाव से मेला परिसर से हटाया जाए, क्योंकि पूर्व में भी समुदाय विशेष के लोगों द्वारा फल, प्रसाद व खाने पीने की चीजों में थूक व मूत्र मिलाए जाने की घटनाएं देश भर में घटित हो चुकी है, तथा भविष्य में किसी भी हिंदू भाई बहन की आस्था व श्रद्धा को चोट न पहुंचे, इसके सापेक्ष में यह कार्यवाही आवश्यक है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि बहुत से हिंदू भाई बहन अपने नाम से मेले परिसर में दुकान का ठेका लेते हैं, लेकिन इसके पश्चात वह अपनी दुकान धन के लालच में ज्यादा किराए पर किसी अन्य धर्म के लोगों को बेच देते हैं, जिससे सनातन धर्म की आस्था को ठेस पहुंचने की संभावना बन जाती है। ज्ञापन में मांग की गई है ।

## महामाया देवी सीकरी मेले के दृष्टिगत, डायवर्जन प्लान आज से लागू

## चार अप्रैल की रात से मोदीनगर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

मोदीनगर (करंट क्राइम)। चैत्र माह के नवरात्र में गांव सीकरीखुर्द स्थित महामाया देवी मंदिर व मेले में श्रद्धालुओं को जुटने वाली भीड़ के मद्देनजर मेरठ-दिल्ली रोड के लिए यातायात विभाग व पुलिस ने डायवर्जन प्लान तैयार कर लिया है। चार अप्रैल की रात से मोदीनगर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। दिल्ली-मेरठ रोड पर शुक्रवार से रविवार तक डायवर्जन रहेगा। इस बार प्रथम नवरात्र पर ही सीकरी देवी मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के मद्देनजर प्रशासन अभी से हिदायत बरत रहा है, यहां षष्टमी से लेकर अष्टमी तक लगने वाले सीकरी मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना के चलते मोदीनगर की यातायात व्यवस्था प्रभावित ना हो, इसको लेकर यातायाता पुलिस ने जनपद में डायवर्जन लागू



किया हैं। यह डायवर्जन शुक्रवार रात आठ बजे से रविवार रात आठ बजे तक रहेगा। किसी भी भारी वाहन को मोदीनगर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। ये होंगे वैकल्पिक मार्ग गाजियाबाद की तरफ से आ रहे भारी वाहनों को मुरादनगर गंगनहर की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। यदि किसी को मेरठ जाना है तो गाजियाबाद एएलटी से हापुड़ चुंगी होते हुए एनएच-9 से जाना होगा। इसके अलावा भोजपुर की तरफ से कोई भारी वाहन मोदीनगर में नहीं आ सकेगा। इसी तरह मेरठ की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को मोहिउद्दीनपुर की तरफ से डायवर्ट किया जाएगा। साथ ही ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर दुहाई से मोदीनगर नहीं आ सकेंगे। यदि मेरठ जाना है तो दुहाई से डासना होते हुए दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस- वे का इस्तेमाल करना होगा। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर कुंडली की ओर से आने वाले वाहन दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे का उपयोग करेंगे। हापुड़ की ओर से आने वाले भारी वाहन मोदीनगर में प्रवेश नहीं करेंगे। ऐसे वाहनों को एनएच-9 का प्रयोग करना होगा। यातायात व्यवस्था को बनाये रखने के लिये विभाग की ओर से हेल्पलाइनरू 9643322904, 0120-2986100 व ट्रैफिक इंस्पेक्टर मोदीनगर मनोज कुमार का मोबाइल नंबर 9568739891 जारी किया गया हैं। श्रद्धालु पैदल ही मंदिर तक पहुंच सकेंगे। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि छठे नवरात्र से ही मंदिर के आसपास लगी बैरिकेडिंग के अंदर किसी भी वाहन को आने की अनुमति नहीं दी जायेंगी। मंदिर से थोडी दूरी पर ही बनाई गई पार्किंग में ही वाहन खडा कर सकेंगे।

# पालिका चेयरमैन ने बुजुर्गों के लिए पार्क में करवा दी कुर्सियों की व्यवस्था

## बुजुर्गों व व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने जताया आभार

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** पार्क में बुजुर्गों के लिये बैठने की समुचित व्यवस्था ना होने की जानकारी उधोग व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने पालिका चेयरमैन को दी। कि चेयरमैन ने चंद मिनटों में बुजुर्गों के लिये कुर्सियों का इंतजाम करवा दिया और उहें हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। जिसके बाद बुजुर्गों के चेहरे को खिले ही वही गोविन्दपुरी उधोग व्यापार मंडल के अध्यक्ष जितेन्द्र चैधरी सहित अनेक लोगों ने चेयरमैन का आभार प्रकट किया। गोविन्दपुरी स्थित पंत पार्क में प्रत्येक दिन दर्जनों बुजुर्ग मॉर्निंग वॉक के लिये जाते है और वंहा के सुदंर वातावरण का आनन्द भी लेते है। कई माह से यंहा बुजुर्गों के बैठने के लिये कोई उचित



व्यवस्था नही थी। इसकी जानकारी मिलने पर गोविन्दपुरी उधोग व्यापार मंडल के अध्यक्ष जितेन्द्र चौधरी ने अपने फोन से पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली को दी। बस फिर क्या था, चंद मिनटों में ही विनोद वैशाली ने पार्क में कुर्सियों का इंतजाम करा दिया। जिसके बाद बुजुर्गों के चेहरे खिले नजर आये, वही उधोग व्यापार मंडल के अध्यक्ष जितेन्द्र चैधरी सहित अजय माहेश्वरी, मनोज सिंघल, गुरमीत सिंह, पप्पू विश्नोई, जितेंद्र त्यागी, वैभव जिंदल आदि ने विनोद वैशाली को धन्यवाद दिया, उन्होंने बुजुर्गों को हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया।

## सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों पर बैन हटाने से किया इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में पटाखों के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर लगे प्रतिबंध को हटाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि लंबे समय से यहां वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर बना हुआ



है। मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइंया की बेंच ने कहा कि सड़कों पर काम करने वाले लोग सबसे ज्यादा प्रदूषण से प्रभावित होते हैं। हर किसी के पास अपने घर या कार्यस्थल पर वायु शुद्धिकरण यंत्र लगाने की सुविधा नहीं होती। दिल्ली में वायु प्रदूषण की स्थिति बहुत खराब' सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'पिछले छह महीनों में इस अदालत ने कई आदेश दिए हैं।

# 86वें सीआरपीएफ डे की परेड अब 17 अप्रैल को नीमच में होगी

**नई दिल्ली ।** देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल 'सीआरपीएफ' के 86वें स्थापना दिवस की डीजी परेड 15 अप्रैल को नीमच 'मध्य प्रदेश' में होगी। इसके दो दिन बाद 'सीआरपीएफ डे परेड' भी नीमच में ही आयोजित होगी। भले ही आधिकारिक तौर पर सीआरपीएफ का स्थापना दिवस 19 मार्च को मनाया जाता है, लेकिन यह तिथि अमूमन बदलती रही है। 84वें स्थापना दिवस की परेड छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में आयोजित हुई थी। यह आयोजन 19 मार्च को नहीं, बल्कि 25 मार्च को हुआ था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 84वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर परेड की सलामी ली थी। 85वें स्थापना दिवस की डीजी परेड यूपी के प्रयागराज में 17 मार्च 2024 को आयोजित की गई। इस बार भी पहले 19 मार्च, 11 अप्रैल व 13 अप्रैल को सीआरपीएफ डे परेड आयोजित करने की बात हुई, लेकिन फाइनल तौर से यह आयोजन अब अप्रैल माह में पहुंच गया। 10 फरवरी से देश के विभिन्न हिस्सों से नीमच पहुंचे जवान और



अधिकारी, 'सीआरपीएफ डे' परेड के आयोजन में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए अभ्यास कर रहे हैं।

### तीन साल पहले बदल गया चलन

बता दें कि 2022 में यह तय हुआ था कि देश का सबसे बड़ा अर्धसैनिक बल 'केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल' अब सेना की तर्ज पर हर वर्ष 19 मार्च को 'सीआरपीएफ डे' समारोह आयोजित करेगा। तब तक किसी भी केंद्रीय अर्धसैनिक बल में 'डे' नहीं मनाया जाता था। सीएपीएफ में 'स्थापना दिवस' मनाने की परंपरा रही है। सीआरपीएफ मुख्यालय ने इसके पीछे यह तर्क दिया था कि सरदार पटेल ने 1950 में 19 मार्च के दिन ही सीआरपीएफ को झंडा यानी 'प्रेजीडेंट कलर्स' प्रदान किया था।

सीआरपीएफ, देश का इकलौता ऐसा अर्धसैनिक बल है, जिसकी स्थापना आजादी से पहले हो गई थी। इस बल के जांबाजों ने युद्ध के मोर्चे पर चीन और पाकिस्तान की सेना को कड़ी टक्कर दी थी। जिस तरह से 'आर्मी डे' पर भव्य परेड होती है, उसी तरह हर साल 19 मार्च को 'सीआरपीएफ डे परेड' आयोजित करने का निर्णय लिया गया। पहले के चलन में सभी परिस्थितियां ठीक रहती तो 27 जुलाई को स्थापना दिवस मनाया जाता था। मौसम ठीक होने या मुख्य अतिथि की उपलब्धता के आधार पर इस तिथि को आगे-पीछे सरका दिया जाता था।

### 27 जुलाई को अस्तित्व में आया था ये बल

सीआरपीएफ, 27 जुलाई 1939 को क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस के रूप में अस्तित्व में आया था। उसके बाद 28 दिसंबर 1949 को सीआरपीएफ अधिनियम के लागू होने पर इसे 'केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल' का दर्जा प्रदान किया गया। आजादी के बाद 28 दिसंबर, 1949 को संसद के एक अधिनियम द्वारा इस बल का नाम 'केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल' रखा गया था। तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने नव स्वतंत्र राष्ट्र की बदलती जरूरतों के अनुसार इस बल के लिए एक बहु आयामी भूमिका की कल्पना की थी।

# बीजद के अचानक लिए फैसले से बदला राज्यसभा का गणित

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने बुधवार को लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पास करा लिया। सरकार को एनडीए के सभी घटक दलों का जबरदस्त समर्थन मिला और विधेयक के पक्ष में 288 सांसदों ने वोट किया। वहीं, इसके विपक्ष में 232 वोट पड़े। इसके साथ ही विधेयक के राज्यसभा में जाने का रास्ता साफ हो गया। केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को इस बिल को राज्यसभा में भी पेश कर दिया। हालांकि, वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 की असल परीक्षा इसी सदन में मानी जा रही है। दरअसल, राज्यसभा में एनडीए का बहुमत जरूरी संख्या पर ही स्थिर है। ऐसे में गठबंधन के किसी भी दल के किसी भी सांसद का इधर-उधर होना विधेयक को पास कराने की राह में रोड़ा बन सकता है।

इस बीच बीजू जनता दल (बीजद) ने अपना वक्फ संशोधन विधेयक की खिलाफत करने का अपना रुख बदल लिया है। अब पार्टी के सांसद सस्मित पात्रा ने कहा है कि वक्फ विधेयक के लिए पार्टी की तरफ से कोई



व्हिप नहीं जारी किया गया है। सांसद अपने अंतरात्मा की आवाज को सुनकर राज्यसभा में वक्फ विधेयक पर वोटिंग कर सकते हैं।

गौरतलब है कि बीजद ने लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा से पहले इसका विरोध की बात कही थी। हालांकि, अब फैसला बदलने से राज्यसभा में विपक्ष की स्थिति और कमजोर हुई है। दरअसल, राज्यसभा में बीजद के 7 सांसद हैं। पहले इनकी गिनती विपक्ष में होती थी। हालांकि, अब इन सांसदों का रुख तय नहीं है। ऐसे में वक्फ विधेयक पर विपक्ष की ताकत और कमजोर होना तय है। वक्फ संशोधन विधेयक लोकसभा में एनडीए के बहुमत की वजह से पास हो गया। हालांकि, इसे चुनौती राज्यसभा में मिलने की संभावना है।

## नाबालिग को अगुवा कर दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** एक सप्ताह पूर्व लिफ्ट देकर युवती को अगुवा कर दुष्कर्म मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं। पुलिस ने आरोपी युवक पर पास्को एक्ट की कार्यवाही की हैं। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि गत 24 मार्च को कस्बा निवाडी में एक नाबलिग युवती से फोन पर चैटिंग कर एक युवक ने दोस्ती की ओर उसे झांसे मे ले लिया। इसकी जानकारी उसके दोस्त को भी हो गई, उसने उसी नंबर पर फोन कर युवती को बुलाया और वह युवती को उसके दोस्त से मिलाने की बात कहकर जंगल में ले गया और उसके साथ शर्मनाक घटना दुष्कर्म को अंजाम दिया। पुलिस जांच में इस प्रकरण में इसराइल नाम का युवक पकड गया, उसके बाद पुलिस ने देर रात आरोपी इमरान निवासी गांव कारवां सिकन्दराबाद, बुलंदशहर को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में इमरान ने खुलासा किया कि दोस्ती के बहाने उसे बुलाकर दुष्कर्म की घटना को हम दोनो दोस्तो ने अंजाम दिया। पुलिस ने दोनो आरोपियो पर पास्को एक्ट की कार्यवाही की हैं।

## जन्म प्रमाण पत्र पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, कहा- बच्चे के जन्म रिकॉर्ड पर किसी का एकाधिकार नहीं

**मुंबई ।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने वैवाहिक विवादों में उलझे माता-पिता अपने अहं की संतुष्टि के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। हाईकोर्ट ने अपने एक हालिया आदेश में यह टिप्पणी करते हुए कहा कि माता-पिता में से कोई भी बच्चे के जन्म रिकॉर्ड के संबंध में किसी तरह के अधिकार का इस्तेमाल नहीं कर सकता।




हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ के जस्टिस मंगेश पाटिल और जस्टिस वाईजी खोबरागड़े ने इसके साथ उस महिला की याचिका को खारिज कर दिया, जिसने अपने बच्चे के जन्म संबंधी रिकॉर्ड में माता-पिता के रूप में केवल उसका नाम दर्ज करने का अनुरोध किया था। हाईकोर्ट ने कहा कि यह याचिका इसका एक स्पष्ट उदाहरण है कि कैसे एक वैवाहिक विवाद कई मुकदमों का कारण बनता है।

**अदालत ने लगाया जुमार्ना** :अदालत ने याचिकाकर्ता पर 5,000 रुपये का जुमार्ना लगाया और कहा कि यह याचिका न्यायिक प्रक्रिया का सरासर दुरुपयोग है तथा कोर्ट के बहुमूल्य समय की बबार्दी है। महिला की तरफ से दायर याचिका में औरंगाबाद नगर निगम के अधिकारियों को ये निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि बच्चे के जन्म रिकॉर्ड में उसका नाम एकल अभिभावक के रूप में दर्ज करें और केवल उसके नाम से जन्म प्रमाणपत्र जारी करें।

महिला ने अपनी याचिका में दावा किया कि उसका अलग रह रहा पति कुछ बुरी आदतों का आदी है और उसने कभी अपने बच्चे का चेहरा भी नहीं देखा है। हालांकि, हाईकोर्ट ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि पिता बुरी आदतों का शिकार है, मां को बच्चे के जन्म प्रमाणपत्र में खुद को एकल अभिभावक के तौर पर दर्ज कराने का अधिकार नहीं मिल जाता।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शुक्रवार 04 अप्रैल -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# सपा कार्यालय के बाहर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष ने जलाया सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला

## सपाईयों ने भी दिखाया रिएक्शन, पुलिस ऑफिस में दी शिकायत और एसीपी को सौंपा ज्ञापन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** राजनीति में एक्शन का रिएक्शन होता है और ऐसा ही मामला गुरुवार को कवि नगर थानाक्षेत्र में भी सामने आया है। जहां भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अनुज राघव ने सपा कार्यालय पर सांसद रामजीलाल सुमन का पार्टी पदाधिकारियों के साथ मिलकर पुतला फूंका, तो वहीं सपा प्रमुख और सांसद के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। यह जानकारी जब पुतला दहन कार्यक्रम के बाद समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों को लगी तो वह एकत्रित होकर पहले पुलिस ऑफिस गए। वहां शिकायत की और फिर इस पूरे मामले की नाराजगी जाहिर करते हुए एसीपी कवि नगर स्वतंत्र सिंह से मुलाकात की और दोषियों पर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इससे पहले समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने जिला मुख्यालय पर भी प्रदर्शन किया है। बता दें कि हिंदू संगठन और भाजपा लगातार सपा के सांसद रामजी लाल सुमन को लेकर आक्रामक है। तो गुरुवार को भाजपा राज नगर मंडल से अनुज राघव युवा नेता सुमित चौहान ने एवीबीपी से अपने साथियों को साथ लेकर आरडीसी स्थित समाजवादी पार्टी के कार्यालय के बाहर सांकेतिक शव यात्रा निकाली और फिर नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। गुरुवार को जहां इन युवाओं के द्वारा जब यह कार्यक्रम किया, तो समाजवादी पार्टी इस पूरे मामले में आक्रामक रुख लेकर एकजुट नजर आई है। उधर इस पूरे मामले को लेकर पुलिस का कहना है की शिकायत मिली है, मामले की जांच की जा रही है। जिसके बाद आगे वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



### सपा पदाधिकारियों ने पुतला दहन के बाद दिखाई एकजुटता

**करंट क्राइम :** जिस तरीके से भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी द्वारा रामजी लाल सुमन का पुतला फूंका गया, यह युवा और पार्टी पदाधिकारी राणा सांगा के बारे में दिए गए आपत्तिजनक बयान से सपा सांसद से नाराज थे। इस कार्यक्रम के बाद समाजवादी पार्टी के नेता एकजुट हुए, जिसमें मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन, एडवोकेट महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, जिला महासचिव नितिन त्यागी, महानगर महासचिव राजन कश्यप, प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग, सिकंदर यादव पूर्व मेयर प्रत्याशी, संतोष यादव ब्लॉक प्रमुख, मधु चौधरी, रमेश यादव, अमन यादव, श्रवण कुमार त्यागी, मनोज पंडित, गुलाब यादव, अनीस अली, रविंद्र यादव सहित विक्की सिंह, असलम कुरैशी, अंशु ठाकुर व राहुल सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के सामने अपनी आवाज बुलंद की।



### सपा सांसद का पुतला दहन के बाद हरकत में आए समाजवादी पार्टी

**करंट क्राइम :** सपा विपक्ष में है पर वह उतनी एक्टिव नजर नहीं आती है जितने भगवा दल वाले विपक्ष में नजर आते हैं। उधर समाजवादी पार्टी गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन एवं महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के एक प्रतिनिधि मंडल ने उनके सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला फूंकने और अभद्रता गाली गलौज और अपशब्द कहने के मामले में पहले डीसीपी सिटी को इस पूरे मामले से अवगत कराया गया। फिर इस मामले को लेकर समाजवादी पार्टी के नेता एसीपी कवि नगर स्वतंत्र सिंह से मिले। उन्होंने इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही इस पूरे मामले में पर जल्द से जल्द मुकदमा लिखे जाने के लिए भी मांग की है। सपाईयों ने कहा है कि जिस तरीके से भाजपा और हिंदूवादी संगठन के लोगों ने उनके कार्यालय पर सांसद का पुतला दहन करते हुए प्रदर्शन किया है यह ठीक नहीं है। इस पूरे मामले को लेकर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने अधिकारियों से लेकर अपने संगठन तक में जानकारी और कार्रवाई किए जाने के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं



### पुलिस भाजपा पदाधिकारियों पर करे कार्रवाई : वीरेंद्र यादव



**करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने कहा है कि जिस तरीके से समाजवादी पार्टी के कार्यालय के बाहर सपा सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला फूंका गया है, उन पर गलत टिप्पणी की गई है। साथ ही उनकी सांकेतिक शव यात्रा निकाली गई है, इस मामले में पुलिस को यह करने वाले भाजपा नेताओं की गिरफ्तारी करनी चाहिए। इस मामले में मुकदमा लिखा जाना चाहिए। उन्होंने जिस प्रकार का प्रदर्शन किया है यह ठीक नहीं है।



### सपा सांसद का पुतला फूंकने वालों पर भाजपा ले एक्शन : अभिषेक गर्ग

**करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं वरिष्ठ सपा नेता अभिषेक गर्ग का कहना है कि जिस तरीके से गाजियाबाद में भाजपा के नेता द्वारा सपा सांसद का पुतला दहन एवं उनके लिए आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है यह है बिल्कुल गलत है। उन्होंने कहा कि वैसे भी गाजियाबाद में पक्ष और विपक्ष के नेताओं की हमेशा से एक अलग मिसाल रही है। वह एक दूसरे पर इस तरीके की राजनीति नहीं करते हैं। अभिषेक गर्ग ने कहा कि उनको लगता है कि युवा नेता द्वारा अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा को प्रदर्शित किया गया है, या वह खुद को हाईलाइट करना चाह रहे थे। जिस वजह से उन्होंने सपा सांसद का कुछ लोगों के साथ मिलकर पुतला फूंकने एवं शव यात्रा निकालने जैसा निंदनीय कार्य किया है। सपा नेता अभिषेक गर्ग ने इस मामले की निंदा करते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ और संगठन के लोगों से भी अपील की है कि इस मामले में उनको भी अपना स्टैंड क्लियर करना चाहिए कि वह इस नेता के साथ हैं या यह इसकी खुद की सूची समझी राजनीतिक महत्वाकांक्षा है।

### दोनों ही पक्षों ने जारी की है विज्ञप्ति और फोटो

**करंट क्राइम :** पुतला पॉलटिक्स करने के बाद दोनों ही पक्षों ने फोटो और प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। जहां भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अनुज राघव व उनके साथियों ने सोशल मीडिया से लेकर मीडिया तक को भेजी है। तो इसमें कई पदाधिकारियों के नाम और पूरे घटनाक्रम का जिक्र भी किया गया है। तो वहीं समाजवादी पार्टी ने भी इस विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन की निंदा करते हुए भाजपा पदाधिकारी पर कार्रवाई किए जाने के लिए बाकायदा फोटो और प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए इस मामले में एकजुटता दिखाने का संदेश दिया है।

### उधर फुंक गया पुतला और हो गया प्रदर्शन पर पुलिस रही गायब

**करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी के कार्यालय के बाहर उत्तर प्रदेश के सपा सांसद का पुतला फूंक दिया गया, उनकी शव यात्रा निकाली गई, अभद्र टिप्पणी की गई। तो इस पूरे मामले की भनक स्थानीय पुलिस को नहीं लगी। तो वहीं जब जिला मुख्यालय और थाने पर भी समाजवादी पार्टी के नेता बड़ी संख्या में पहुंचे तो पुलिस वहां उनको रोक नहीं पाई। कुल मिलाकर दोनों ही पक्षों ने अपनी अपनी कार्रवाई और अपना विरोध प्रदर्शन किया लेकिन इस पूरे घटनाक्रम में पुलिस सीन से गायब रही।

# कार्यालय उद्घाटन के बहाने विधायक संजीव शर्मा ने मैसेज दिया क्लीन

## शहर विधानसभा में वो और मजबूत कर रहे हैं अपनी जमीन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर की सियासत में जो चल रहा है उसमें प्रभू श्रीराम और हनुमान वाले सीन का अनुमान इस भजन से लगाया जा सकता है, जिसमें कहा गया है कि दुनिया चले ना प्रभू श्रीराम के बिना और राम जी चले ना हनुमान के बिना। यहां सब जानते हैं कि प्रभू राम वाले रोल में सांसद अतुल गर्ग हैं तो हनुमान वाले रोल में शहर विधायक संजीव शर्मा हैं। संजीव शर्मा भी जानते हैं कि उनके लिये विधानसभा का रास्ता प्रभू श्रीराम के रूप में अतुल गर्ग ने तैयार किया और सीन अब ये है कि प्रभू हनुमान भी हर काम में सबसे आगे प्रभू श्री राम को रखकर चलते हैं। बात जब चांदमारी की झुग्गियों की आई तो रक्षामंत्री के यहां शहर विधायक संजीव शर्मा अकेले नहीं गए। उनके साथ



लोकसभा सांसद अतुल गर्ग गए। एक नहीं कितने उद्घाटन ऐसे हुए जब सांसद अतुल गर्ग ने फीता काटा और विधायक मौजूद रहे। ये परिपाटी एक सम्मान की है और यहां सम्मान के साथ शहर विधायक संजीव शर्मा ने एक बड़ा संदेश भी दिया है। उन्होंने अब इस पार, उस पार, नदिया पार के बीच में ये स्पष्ट कर दिया है कि वो अपनी सियासी जमीन शहर विधानसभा में ही मजबूत कर रहे हैं। वैसे तो चुनाव के दौरान ही उन्होंने लाइनपार में आशियाना बना लिया था। चुनाव यहीं से रहकर लड़ा और घर भी ले लिया, लेकिन ये सबको पता है कि शहर विधानसभा में लाइनपार का बड़ा रोल है। संजीव भले ही लाइन के उस पार रह रहे हैं, लेकिन लाइन के इस पार भी उनकी विधानभा आती है और कई बार इस पार वालों को मिलने के लिये उस पार जाना पड़ता है। चुनाव जीतने के बाद कुछ दिन तक तो कोई समस्या नहीं आई।

क्योंकि संजीव शर्मा महानगर अध्यक्ष थे तो वो महानगर कार्यालय पर बैठकर इस पार वालों के साथ रोजाना रूबरू होते रहे, लेकिन अब एक कार्यालय की आवश्यकता पड़ ही रही थी और संजीव शर्मा ने यहां एक संदेश भी दिया कि आशियाना लाइन के उस पार और दफ्तर लाइन के इस पार रहेगा और शहर का विधायक शहर में रहेगा, शहर की जनता के बीच रहेगा। शहर विधायक संजीव शर्मा ने अपने नए कार्यालय का उद्घाटन सांसद अतुल गर्ग के हाथों कराया। यह कार्यालय ऑप्यूलेंट मॉल के सामने बनाया गया है। नवरात्र के पावन पर्व में शहर विधायक संजीव शर्मा ने अपना कार्यालय लाइन के इस पार बना लिया है। अब वो दोनों तरफ उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने एक मजबूत संदेश ये दे दिया है कि वो शहर विधानसभा में ही अपनी सियासी जमीन मजबूत कर रहे हैं। अतुल गर्ग उनके आदर्श हैं और उन्होंने सांसद अतुल गर्ग के हाथों अपने कार्यालय का उद्घाटन करवाकर भी एक संदेश दिया है। फिलहाल संजीव शर्मा ने ये बता दिया है कि शहर की राजनीति पर फोकस है। वो शहर सीट को लेकर सीरियस हैं और हर कदम पर क्षेत्र की जनता के साथ हैं।

# लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने प्रमुख सचिव गृह को लिखा पत्र

## उठाई मांग पुलिस द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं पर दर्ज कराए जा रहे फर्जी मुकदमे तत्काल हो बंद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर लगातार लैटर पर लैटर लिख रहे हैं। तो उनका मुलाकात वाला सिलसिला भी जारी है। गुरुवार को उन्होंने प्रमुख सचिव गृह उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को एक पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि उत्तर प्रदेश में विभिन्न जनपदों में पुलिस द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं पर दर्ज कराए जा रहे फर्जी मुकदमे तत्काल संज्ञान लिए जाएं। लोनी से विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने इस लैटर में प्रमुख सचिव गृह उत्तर प्रदेश शासन से मांग की है कि कई जनपदों में लगातार टारगेट कर भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और हिंदू संगठनों, गौ





रक्षा से जुड़े संगठनों जनप्रतिनिधियों के खिलाफ लगातार गलत व्यवहार व जेल भेजे जाने के मामले प्रकाश में आ रहे हैं, जो चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा है कि कुछ जनपदों में अधिकारी ईमानदारी से काम कर रहे हैं लेकिन कुछ जनपदों में अधिकारी समाजवादी पार्टी के एजेंट बनकर काम कर रहे हैं। फर्जी मुकदमे लगाए जा रहे हैं, तो जनप्रतिनिधियों को अपमानित भी किया जा रहा है।

बीते लगभग 15 दिनों से लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर अलग-अलग स्थानों पर प्रेसवार्ता कर पुलिस कार्रवाई और उत्तर प्रदेश में अलग माहौल होने का जिक्र कर रहे हैं। तो वहीं वह लोनी में हुई राम कथा की कलश यात्रा पर बर्बरता और कार्रवाई को लेकर भी लगातार मोर्चा खोले हुए हैं। इस मामले को लेकर वह लगातार लैटर लिख रहे हैं, तो इस मैटर को भी उठा रहे हैं।

# महर्षि कश्यप महाकुंभ की तैयारियों का लिया भाजपा महानगर अध्यक्ष ने जायजा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर गाजियाबाद के रामलीला मैदान घंटा घर में आयोजित होने वाले महर्षि कश्यप महाकुंभ कार्यक्रम की तैयारी का गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप के पुत्र सागर कश्यप और अन्य पदाधिकारियों ने निरीक्षण किया। साथ ही यूपी के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शामिल होने की जानकारी के चलते डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार और एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी, एसएचओ अनुराग शर्मा ने पुलिस बल के साथ निरीक्षण किया।

साथ ही कार्यक्रम स्थल के एग्जिट एंट्री गेट से लेकर मंच, आयोजन स्थल, पंडाल और अन्य व्यवस्थाओं पर आयोजकों से वातालर्पा भी की गई। बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप के नेतृत्व में 5 अप्रैल को घंटाघर रामलीला मैदान में महर्षि कश्यप जयंती पर महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इस महाकुंभ में जहां उत्तर प्रदेश सहित दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश से कश्यप एवं निषाद समाज के पदाधिकारियों एवं राष्ट्रीय समिति के कार्यकर्ता उपस्थित होंगे। तो कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी और आमजन की भी सहभागिता देखने को मिलेगी।

## डीसीपी और एसीपी ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण





### भव्य सजेगा पंडाल और हजारों की संख्या में लगेगी कुर्सियां

**करंट क्राइम :** राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप की अगुवाई में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारियों का गुरुवार को उनके पुत्र सागर कश्यप ने जायजा लिया। तो बताया गया है कि इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बतौर अतिथि उपस्थित रहेंगे, उनका कार्यक्रम फाइनल हो गया है। तो वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को भी फाइनल करने के प्रयास चल रहे हैं। बताया जा रहा है कि बीते कई वर्षों से लगातार नरेंद्र कश्यप इस कार्यक्रम को आयोजित करते हैं। जिसमें बड़ी संख्या में उनके समाज के साथ ही भारतीय जनता पार्टी और जन सहभागिता भी इस कार्यक्रम में दिखाई देती है।

### महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कार्यकर्ताओं से की अपील, कार्यक्रम में हो शामिल

**करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए। इस कार्यक्रम को सफल एवं भव्य बनाने के लिए कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद पार्टी के पदाधिकारियों से अपील की गई है कि वह कार्यक्रम में शामिल हों और महर्षि कश्यप को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन को अपनाने का काम करें।

### बड़ी संख्या में रहेगी पुलिस व्यवस्था और सुरक्षा

**करंट क्राइम :** डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने बताया है कि वीवीआईपी कार्यक्रम होने की वजह से कार्यक्रम स्थल घंटाघर रामलीला मैदान के सभी प्रमुख गेटों पर पुलिस बल तैनात किया जाएगा। साथ ही पार्किंग से लेकर फायर ब्रिगेड और सुरक्षा के लिए मेटल डिटेक्टर से लेकर अलग-अलग बैरिकेडिंग लगाए जाएंगी। रामलीला मैदान घंटा घर के इस कार्यक्रम में प्रवेश करने वाले सभी लोगों की तलाशी भी ली जाएगी। साथ ही बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की अराउंड द क्लॉक ड्यूटी लगाई जाएगी।

## संपादकीय

# वक्फ में सुधार

वक्फ संशोधन बिल पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आम सहमति की उम्मीद तो किसी को नहीं, लेकिन गतिरोध को कम से कम करने का प्रयास जरूर होना चाहिए। इस बिल का असर एक बड़ी आबादी पर पड़ेगा। अगर उसकी चिंताओं को दूर नहीं किया गया तो बिल का मकसद अधूरा रह जाएगा। विपक्ष की बात सरकार ने पिछले साल अगस्त में वक्फ संशोधन से जुड़ा नया बिल लोकसभा में पेश किया था। तब विपक्ष के विरोध के चलते इसे संयुक्त संसदीय कमिटी के पास भेज दिया गया। इस साल फरवरी में कमिटी ने अपनी रिपोर्ट दी, फिर केंद्रीय कैबिनेट ने उसे मंजूरी दी। सरकार का कहना है कि उसने विपक्ष की बात भी सुनी है, जबकि विपक्ष का आरोप है कि उसके सुझाए बदलावों को स्वीकार नहीं किया गया। बेहतर होगा प्रबंधन वक्फ को लेकर विवाद कोई नया नहीं है और इसके कामकाज में सुधार होना चाहिए। वहीं, यह बड़ी संपत्ति का मालिक भी है। सरकारी रिपोर्ट बताती है कि फिलहाल वक्फ बोर्ड के पास देशभर में 8.7 लाख संपत्तियां हैं। भारतीय सेना और रेलवे के बाद सबसे ज्यादा जमीन वक्फ बोर्ड के पास है। संशोधन बिल से इनके मैनेजमेंट में आसानी होगी।

महिलाओं को अधिकार सेंट्रल वक्फ काउंसिल में गैर-मुस्लिम सदस्यों के होने के प्रावधान पर आपत्ति हो सकती है, लेकिन महिला सदस्यों को लेकर हंगामा समझ से परे है। इससे मुस्लिम महिलाओं को अपनी बात रखने और अधिकार हासिल करने का मौका मिलेगा। इसी तरह, बोहरा और आगाखानी के लिए अलग बोर्ड बनने से इनके साथ अभी तक हुए भेदभाव को दूर किया जा सकेगा। भरोसे की कमी विपक्ष के साथ ही एक वर्ग को डर है कि यह बिल कानून बन गया तो इसके जरिये सरकार धार्मिक मामलों में दखल देगी। हालांकि वक्फ संशोधन विधेयक पेश करते हुए केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि वक्फ बोर्ड किसी भी धार्मिक संस्था की व्यवस्था में हस्तक्षेप नहीं करेगा। इस तरह की बात सरकार की तरफ से पहले भी कही जा चुकी है। इसके बावजूद अगर गतिरोध कायम है, तो इसकी वजह है संवाद और भरोसे की कमी।

सुधार का स्वागत वक्फ बिल असल में धर्म से ज्यादा प्रॉपर्टी से जुड़ा मसला है। यह भी सच है कि वक्फ संपत्तियों की बदइंतजामी से जुड़ी खबरें आती रही हैं। ऐसे में सुधार की जरूरत से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन सुधार संवाद और सहमति के जरिए हो, टकराव का माहौल न बने, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

# पीपीएफ खातों में नॉमिनी का विवरण अपडेट करने या जोड़ने के लिए नहीं लगेगा कोई शुल्क

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया है कि पीपीएफ खातों के लिए नामांकित व्यक्तियों के विवरण अपडेट करने से जुड़े किसी भी शुल्क को हटाने के लिए 2 अप्रैल, 2025 के राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से सरकारी बचत संवर्धन सामान्य नियम 2018 में आवश्यक बदलाव किए गए हैं। सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) खातों में नॉमिनी का नाम अपडेट करने या जोड़ने के लिए अब कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। सरकार ने अधिसूचना जारी कर इससे जुड़े जरूरी बदलाव कर दिए हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर इसकी जानकारी दी है। वित्त मंत्री के अनुसार,



पीपीएफ खातों में नामांकित व्यक्ति के विवरण को अपडेट या संशोधित करने के लिए वित्तीय संस्थानों की ओर से शुल्क लगाया जा रहा है, ऐसी जानकारी मिली थी। उन्होंने कहा कि पीपीएफ खातों के लिए नामांकित व्यक्तियों के विवरण अपडेट करने से जुड़े किसी भी शुल्क को हटाने के लिए 2 अप्रैल, 2025 के राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से सरकारी बचत संवर्धन सामान्य नियम 2018 में आवश्यक बदलाव किए गए हैं।

राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, सरकार की ओर से संचालित लघु बचत योजनाओं के लिए नामांकन रद्द करने या उसमें बदलाव करने के लिए लिया जाने वाला 50 रुपये का अब शुल्क समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा, हाल ही में पारित बैंकिंग संशोधन विधेयक 2025, जमाकर्ताओं के धन, लॉकर में रखे गए सामान और सुरक्षा लॉकरों के लिए अधिकतम 4 व्यक्तियों को नामित करने की अनुमति देता है।

विधेयक में एक और बदलाव बैंक में किसी व्यक्ति के 'पर्याप्त हित' शब्द को फिर से परिभाषित करने से जुड़ा है। इस सीमा को मौजूदा 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 2 करोड़ रुपये करने की मांग की गई है। पांच लाख रुपये की राशि लगभग छह दशक पहले तय की गई थी। इस कानून में सहकारी बैंकों में निदेशकों (अध्यक्ष और पूर्णकालिक निदेशक को छोड़कर) का कार्यकाल 8 वर्ष से बढ़ाकर 10 वर्ष करने का भी प्रावधान है, ताकि इसे संविधान (97वें संशोधन) अधिनियम, 2011 के अनुरूप बनाया जा सके।

# ट्रंप के जवाबी टैरिफ पर बाजार की सधी प्रतिक्रिया

## सेंसेक्स 300 अंक टूटा, निफ्टी में नरमी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत के खिलाफ 27 प्रतिशत के जवाबी टैरिफ



के एलान के बाद भारतीय बाजार के सूचकांक लाल निशान पर बंद हुए। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बीएसई सेंसेक्स 322.08 (0.42%) अंक टूटकर 76,295.36 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, एनएसई निफ्टी 82.25 (0.35%) अंकों की गिरावट के साथ 23,250.10 के स्तर पर बंद हुआ। आइए जानते हैं शेयर बाजार का विस्तृत हाल।

अमेरिका की ओर से भारत पर 27% जवाबी टैरिफ लगाने के फैसले पर भारतीय शेयर बाजार के निवेशकों ने गुरुवार को सधी हुई प्रतिक्रिया दी। शुरूआती कारोबार में 800 अंकों तक की गिरावट के बावजूद बेंचमार्क सूचकांक बहुत हद तक रिकवर कर लाल निशान पर बंद हुए। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बीएसई सेंसेक्स 322.08 (0.42%) अंक टूटकर 76,295.36 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, एनएसई निफ्टी 82.25 (0.35%) अंकों की गिरावट के साथ 23,250.10 के स्तर पर बंद हुआ।

## 'अमेरिका के 26% टैरिफ से देश के निर्यातकों पर होगा असर

**नई दिल्ली।** अमेरिका की ओर से लगाए 26 फीसदी टैरिफ पर एफआईईओ ने कहा कि वियतनाम, चीन, इंडोनेशिया, म्यांमार जैसे प्रमुख प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में भारत की स्थिति बेहतर है। इन टैरिफ से हम पर निश्चित रूप से असर पड़ेगा, लेकिन कई अन्य देशों की तुलना में हम बेहतर स्थिति में हैं।




अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए 26 फीसदी आयात शुल्क (टैरिफ) से निसंदेह भारत के घरेलू खिलाड़ी (निर्यातक) प्रभावित होंगे। हालांकि, भारत की स्थिति अन्य देशों की तुलना में बेहतर है। यह बात भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (एफआईईओ) के महानिदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अजय सहाय ने गुरुवार को कही। सहाय ने उम्मीद जताई कि भारत और अमेरिकी बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौता पर बातचीत जल्द पूरी होगी, जिससे इन जवाबी टैरिफ के असर को कम किया जा सकेगा। समाचार एजेंसी 'पीटीआई' से बातचीत में उन्होंने कहा, 'हमें इसके प्रभाव का आकलन करना होगा। लेकिन अगर हम अन्य देशों पर लगाए गए टैरिफ को देखें तो भारत को कम दर के दायरे में रखा गया है। वियतनाम, चीन, इंडोनेशिया, म्यांमार जैसे प्रमुख प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में हमारी स्थिति बेहतर है। इन टैरिफ से हम पर निश्चित रूप से असर पड़ेगा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया में 11 प्रतिशत लोग बाएं हाथ का इस्तेमाल करते हैं।
- अगस्त में सबसे ज्यादा लोग पैदा होते हैं।
- खाने का स्वाद उसमें सलाइवा (लार) मिलने के बाद ही आता है।
- औसतन लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट में सो जाते हैं।
- भालू के 42 दांत होते हैं।
- शुतुरमुर्ग की आंख उसके दिमाग से बड़ी होती है।
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है।
- आठ प्रतिशत लोगों में एक अतिरिक्त पसली होती है।
- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर होते हैं।
- हवायन अल्फाबेट सिर्फ 13 होते हैं।
- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।
- एक केकड़े का खून रंगहीन होता है। ऑक्सीजन मिलने के बाद यह नीला हो जाता है।
- पक्षियों को निगलने के लिए ग्रेविटी की जरूरत होती है।
- अंग्रेजी अल्फाबेट का सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला लेटर ए है।
- विश्व की दो सबसे अधिक कॉमन इस्तेमाल होने वाली भाषाएं मैंड्रियन चायनीज, स्पैनिश और अंग्रेजी है।

## राशिफल

**मेष :** छोटी-मोटी यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य को उत्साह व प्रसन्नता से कर पाएगा।

**वृष :** किसी पुरानी व्याधि के उभरने की संभावना है। जल्दबाजी में कोई कार्य न करें। किसी व्यक्ति विशेष से विवाद हो सकता है।

**मिथुन :** प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। समाजसेवा करने की प्रेरणा प्राप्त होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।

**कर्क :** घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**सिंह :** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।

**कन्या :** कोई आकस्मिक खर्च सामने आ सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है। पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है।

**तुला :** कुसंगति से हानि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। रुका हुआ पैसा जैसे एरियर, कमीशन व किराया आदि प्राप्त हो सकता है।

**वृश्चिक :** किसी धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**धनु :** पूजा-पाठ में मन लगेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर प्रतिद्वंद्विता में कमी होगी। भाग्य का साथ रहेगा। मित्रों तथा पारिवारिक सहयोग से काम बनेंगे।

**मकर :** चोट व दुर्घटना के प्रति सावधानी आवश्यक है। किसी व्यक्ति से बेबात बहस हो सकती है। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ :** प्रेम-प्रसंग में मधुरता रहेगी। व्यस्तता रहेगी। किसी सरकारी कार्यालय में अटका काम मनोनुकूल रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मीन :** किसी तरह की झंझट में न पड़ें। बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं।

## चुटकुले

बंटू - जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, दिन-प्रतिदिन इंसान रईस बनता जाता है।
घंटु - वो कैसे...?
बंटू - बूढ़े होने पर चांदी बालों में, सोना दाँतों में, मोती आखों में शुगर खून में और महंगे पत्थर किडनी में पाए जाने लगते हैं।

संता (बंता से) - पता है, आज मैंने 8 मिनट में 16 किलोमीटर की दौड़ लगाई...!
बंता - अरे वाह... पर क्यों...?
संता(दुखी मन से) - कुछ मूर्ख लोगों की वजह से, जो कुत्तों को पाल तो लेते हैं, पर बांधकर नहीं रखते...!

टीचर - एक टोकरी में 10 आम थे 3 सड़ गए, तो कितने आम बचे...?
बन्टू - 10
टीचर - अरे मूर्ख 10 कैसे बचेंगे...?
बन्टू - सड़े हुए आम कहां जाएंगे, सड़ने से केले थोड़ी बन जाएंगे।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# भारत में खेलेंगे रिवाल्डो-फिगो और जावी-पेपे

## मैच के लिए रियल मैड्रिड-बार्सिलोना की टीम घोषित

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में फुटबॉल का क्रेज है। भारत में भी इसके फैंस कम नहीं हैं। जब फीफा विश्व कप या फिर यूरो कप या फिर कोपा अमेरिका जैसे टूनार्मेंट्स खेले जाते हैं तो भारतीय फैंस में इसकी खूब दिवानगी देखी जाती है। इसके अलावा यूएफा चैंपियंस लीग, बुंदेसलिगा, लीग-1, ला लिगा जैसे कई लीग टूनार्मेंट्स को भी भारतीय फैंस रुचि के साथ देखते हैं। इसी कड़ी में भारतीय फैंस का एक सपना सच होने जा रहा है। वह रविवार को रिवाल्डो, कार्लोस पुयोल, लुई फिगो, पेपे और जावी जैसे फुटबॉल के दिग्गजों को अपने आंखों के सामने खेलते देख पाएंगे। ये सभी रियल मैड्रिड और बार्सिलोना के बीच मुकाबला खेलने भारत आ रहे हैं। यह मैच मुंबई में खेला जाएगा।



जी हां, अपनी तरह के इस विशेष मुकाबले में स्पैनिश लीग के दो चिर प्रतिद्वंद्वी एफसी बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड डीवाई पाटिल स्टेडियम में आमने-सामने होंगे। कार्लोस पुयोल इस लीजेंड्स फेसऑफ फुटबॉल मैच में लुई फिगो की रियाल मैड्रिड के खिलाफ एफसी बार्सिलोना का नेतृत्व करेंगे। द स्पोर्ट्स फ्रंट इस मैच का आयोजक है। इसके लिए दोनों ही टीमों ने बुधवार को टीम घोषित कर दी।

पुयोल ने जारी विज्ञप्ति में कहा, 'लीजेंड्स फेसऑफ अपनी तरह का विशेष मुकाबला होगा। मैं पहली बार भारत में खेलने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। यहां प्रशंसकों का जुनून अविश्वसनीय है, और मैं इसे प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।' वहीं, फिगो ने कहा, 'भारत में फुटबॉल के प्रति लगाव हर दिन बढ़ रहा है और इन दोनों टीम के बीच की प्रतिद्वंद्विता को मुंबई के प्रशंसकों के सामने लाना सौभाग्य की बात है। यह एक यादगार मैच होगा।'

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं :

**रियल मैड्रिड लीजेंड्स:** लुई फिगो (कप्तान), पेड्रो कॉन्ट्रेरास, किको कैसिला, फ्रांसिस्को पावोन, फर्नांडो सान्ज, अगस्टिन गार्सिया, पेड्रो मुनिटिस, रूबेन डे ला रेड, एंटोनियो करेम्बेउ, फर्नांडो ओरिएंटेस, पेपे, माइकल ओवेन।

**एफसी बार्सिलोना लीजेंड्स:** कार्लोस पुयोल (कप्तान), जेसुस एंगोय, विटोर बाया, जोफ्रे माटेउ, फर्नांडो नवारो, रॉबर्टो ट्रैशोरस, जेवियर सविओला, फिलिप कोकू, फ्रैंक डी बोअर, जियोवानी सिल्वा, रिवाल्डो, मार्क वैलिएंट हर्नांडेज, लुडोविक गिउली, रिकार्डो क्वारेस्मा, गैज्का मेंडिएटा, सेर्गी बरजुआन, जावी, जोस एडमिलसन गोम्स डी मोरेस, पैट्रिक क्लुइवर्ट।

# विराट कोहली की चोट कितनी गंभीर, क्या अगले मैच से हो जाएंगे बाहर?



**बेंगलुरु:** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कहा कि गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ फील्डिंग के दौरान उंगली में चोट लगने के बावजूद विराट कोहली ठीक हैं और चिंता की कोई बात नहीं है। जीटी द्वारा दिए गए 170 रन के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान, 12वें ओवर में कोहली ने एक चौका रोकने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनकी उंगली पर लगी और सीमा रेखा के पार चली गई। दर्द के कारण कोहली परेशान दिखे, जिसके बाद टीम का फिजियो उनका इलाज करने मैदान पर आया। हालांकि, कोहली मैदान से बाहर चले गए, लेकिन उनकी उंगली में दर्द बना रहा। जीटी ने यह मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया।

मैच के बाद एंडी फ्लावर ने कहा, 'विराट बिल्कुल ठीक हैं, चिंता की कोई बात नहीं है।' एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में आरसीबी की शुरूआत अच्छी नहीं रही। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने अपनी पुरानी टीम के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए 19 रन देकर तीन विकेट लिए।

सिराज को आरसीबी ने सात साल तक टीम में रखने के बाद रिलीज कर दिया था। फ्लावर ने कहा, 'टॉस काफी अहम था क्योंकि मैदान पर ओस थी। पहली पारी में गेंद थोड़ी रुककर आ रही थी। यह आमतौर पर चिन्नास्वामी की पिच जैसी नहीं थी, जहां गेंद तेजी से आती है। लेकिन इसका नतीजे पर ज्यादा असर नहीं पड़ा, गुजरात टाइटंस ने हमसे बेहतर खेला और सिराज ने बेहतरीन गेंदबाजी की।'

उन्होंने आगे कहा, 'सिराज ने नई गेंद से शानदार स्पेल डाला। उसकी लाइन और लेंथ बहुत अच्छी थी और उसने स्टंप्स पर लगातार हमला किया। हम सब उसे बहुत पसंद करते हैं और उसकी काबिलियत को जानते हैं। हमने इस बार अच्छी नीलामी की और संतुलित टीम बनाई है। मैं सिराज को आगे के लिए शुभकामनाएं देता हूं।' फ्लावर ने लियाम लिविंगस्टोन की 40 गेंदों पर 54 रन की पारी की भी तारीफ की। इसके अलावा जितेश शर्मा (33 रन) और टिम डेविड (32 रन) की पारियों से आरसीबी 169/8 तक पहुंच पाई, लेकिन यह जीत के लिए काफी नहीं था।

# भारत दूसरे संयुक्त राष्ट्र खेलों का सह आयोजक योग और शतरंज में करेगा अगुआई



**नई दिल्ली।** भारत खेलों के माध्यम से कूटनीति और सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे दूसरे संयुक्त राष्ट्र खेलों का सह आयोजक है जिसमें वह योग और शतरंज जैसे खेलों में अगुवाई करेगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथनेनी हरीश ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'दूसरे संयुक्त राष्ट्र खेलों के उद्घाटन समारोह का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। सह आयोजक के रूप में, भारत शतरंज और योग में अग्रणी भूमिका निभाएगा।'


हरीश ने कह कि संयुक्त राष्ट्र खेल एकता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की भावना का उत्सव है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि अगली बार इन खेलों में क्रिकेट को भी शामिल किया जाएगा मैं सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देता हूं। भारतीय टीम को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं।' संयुक्त राष्ट्र खेल अप्रैल-मई 2025 में आयोजित किए जाएंगे। योग नौ अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में नॉर्थ लॉन के रोज गार्डन में, जबकि शतरंज भी उसी दिन नॉर्थ लॉन के ओलंपिक कॉर्नर में आयोजित किया जाएगा। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 जून, 2023 को नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशाल नॉर्थ लॉन में एक ऐतिहासिक योग सत्र का नेतृत्व किया था। हरीश ने कहा कि हालांकि हर कोई सक्रिय खिलाड़ी नहीं हो सकता है, लेकिन राजनयिक समुदाय के अधिकतर सदस्य उत्साही प्रशंसक हैं। लोग अलग-अलग टीमों के समर्थक हो सकते हैं, लेकिन खेल उन्हें एकजुट करते हैं। उन्होंने कहा कि एक अरब से अधिक भारतीयों की तरह वह भी क्रिकेट प्रेमी हैं और उम्मीद जताई के अगली बार संयुक्त राष्ट्र खेलों में क्रिकेट भी शामिल होगा। हरीश ने कहा कि योग और शतरंज में आगे बढ़ना भारत के लिए सौभाग्य की बात है, जैसा कि पिछले साल हुआ था। उन्होंने कहा, '2014 में रिकॉर्ड संख्या में सदस्य देशों के सह-प्रायोजन के साथ 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित करने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अपनाने के बाद से, योग दुनिया भर में लाखों लोगों के लिए जीवन का एक तरीका बन गया है।'

हरीश ने कहा, 'जहां तक शतरंज का सवाल है तो भारत ने सदियों पहले इस खेल को अपना दिया था। वर्तमान समय में शतरंज की दुनिया में भारत के युवा खिलाड़ियों का दबदबा है जो रिकॉर्ड तोड़कर और वैश्विक चैंपियनशिप जीतकर इतिहास रच रहे हैं।' पिछले साल भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश विश्व शतरंज चैंपियनशिप में चीन के डिंग लिरेन को हराकर 18 साल में सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बने थे।

भारतीय दूत ने विश्वास जताया कि मित्रता और सौहार्द की भावना क्षेत्र के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए पेशेवर और कार्यात्मक आचरण में भी दिखाई देगी। संयुक्त राष्ट्र खेल सितंबर 2024 के संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र खेल और खेल के माध्यम से शांति और बेहतर दुनिया को बढ़ावा देने वाले अन्य प्रस्तावों पर आधारित हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने कहा, 'उद्घाटन संस्करण की तरह संयुक्त राष्ट्र खेल 2025 खेलों के माध्यम से सौहार्द, कूटनीति और सहयोग को बढ़ावा देना जारी रखेंगे।' संयुक्त राष्ट्र खेल 2025 का उद्घाटन समारोह बुधवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित किया गया।

# विश्व मुक्केबाजी कप में भारतीय खिलाड़ियों का जलवा, मनीष-हितेश और अविनाश सेमीफाइनल में पहुंचे



**नई दिल्ली।** भारत के मनीष राठौड़, हितेश और अविनाश जामवाल ने बुधवार को अपने-अपने वजन वर्ग में आसान जीत के साथ विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025 में सेमीफाइनल में जगह बनाई। जामवाल ने 65 किग्रा वर्ग में जर्मनी के डेनिस ब्रिल को सर्वसम्मत फैसले से हराया जबकि हितेश ने इटली के गैब्रिएल गुइडी रोनतानी को 70 किग्रा वर्ग में सर्वसम्मत फैसले से शिकस्त दी। मनीष ने 55 किग्रा वर्ग में ऑस्ट्रेलिया के पेरिस ओलंपियन यूसुफ चोटिया को हराया। दोनों मुक्केबाजों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन अंत में भारतीय मुक्केबाज विजयी रहा। तीन जज ने मनीष के पक्ष में फैसला दिया जबकि दो ने दोनों मुक्केबाजों को बराबर अंक दिए सेमीफाइनल में मनीष की भिड़ंत कजाखस्तान के नूरसुल्तान अल्तिनबेक से होगी जबकि हितेश को माकन तराओरे के खिलाफ खेलना है। जामवाल का सामना इटली के जियानलुइगी मलांगा से होगा।

# 17 चौके, 15 छक्के... क्रिकेट किंग से प्रिंस ऑफ क्रिकेट तक पर अकेले भारी



**नई दिल्ली:** आईपीएल 2025 में अब तक 14 मैच हो चुके हैं। आखिरी मैच में क्रिकेट किंग विराट कोहली और प्रिंस ऑफ क्रिकेट शुभमन गिल की भिड़ंत हुई थी। रोचक बात यह है कि दोनों का ही बल्ला कुछ खास नहीं कर सका। ये दोनों ही फिलहाल ऑरेंज कैप की दौड़ से बाहर नजर आ रहे हैं। दूसरी ओर, एक खिलाड़ी ऐसा है, जिसने अपने बल्ले के दम पर गेंदबाजों की नाम में दम कर दिया है। जी हां, यहां बात निकोलस पूरन की हो रही है, जिन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए जबरदस्त खेल दिखाया है। वेस्टइंडीज के इस बाएं हाथ के तूफानी बल्लेबाज ने इस सीजन में अपनी पावर हिटिंग से विपक्षी गेंदबाजों की नींद उड़ा रखी है।

आईपीएल 2025 में पूरन ने अब तक खेले गए तीन मैचों में दो हाफ सेंचुरी लगाई हैं और उनका सर्वाधिक स्कोर 75 है। पूरन ने कुल 189 रन बनाए हैं और ऑरेंज कैप की रेस में वह नंबर वन पर बने हुए हैं। इसके अलावा पूरन अन्य बल्लेबाजों की तुलना में टूनार्मेंट में अब तक तीन मैचों में 32 चौके-छक्के लगाकर सबसे आगे चल रहे हैं। चलिए जानते हैं कि इस टूनार्मेंट में निकोलस पूरन के अलावा किस टीम के किस खिलाड़ी ने चौके-छक्के की बरसात की है।

निकोलस पूरन के बाद गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 3 मैचों की 3 पारियों में 186 रन बनाए हैं। वह ऑरेंज कैप की रेस में पूरन के बाद दूसरे नंबर पर हैं। साई सुदर्शन ने आईपीएल 2025 में 25 चौके-छक्के लगाए हैं। गुजरात टाइटंस के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर के नाम इस सीजन में 23 चौके-छक्के हैं। ऑरेंज कैप की रेस में वह साई सुदर्शन के बाद तीसरे नंबर पर हैं। जोस बटलर ने 3 मैचों की 3 पारियों में 166 रन बनाए हैं।

पंजाब किंग्स के कप्तान और बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने दो मैचों की दो पारियों में 21 चौके-छक्के लगाए हैं। वह ऑरेंज कैप की रेस में भी चौथे स्थान पर हैं। अय्यर ने 149 रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेटर और सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड 24 चौके-छक्के लगाकर टूनार्मेंट में ऑरेंज कैप की रेस में पांचवें स्थान पर हैं। एक और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए इंपेक्ट प्लेयर के तौर पर अपना प्रभाव छोड़ते हुए मिशेल मार्श ने 3 मैचों की 3 पारियों में 21 चौके-छक्के लगाए हैं। वह ऑरेंज कैप की रेस में छठे स्थान पर हैं।

# आईपीएल में इतिहास रचने से एक विकेट दूर भुवनेश्वर

## बन जाएंगे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज

**मुंबई।** 'स्विंग के किंग' के नाम से मशहूर तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार आईपीएल 2025 में आरसीबी की टीम का हिस्सा हैं। भुवी आईपीएल में इतिहास रचने से सिर्फ एक विकेट दूर हैं। सिर्फ एक विकेट लेते ही वह आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज बन जाएंगे।



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का यह तेज गेंदबाज बुधवार को आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाजों में संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गया है। अभी ड्वेन ब्रावो और भुवनेश्वर कुमार के नाम 183-183 विकेट हैं। अब एक विकेट लेकर भुवी आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज बन जाएंगे।

गुजरात के खिलाफ भुवनेश्वर आरसीबी के सबसे बेहतर गेंदबाज रहे। उनके खिलाफ रन बनाने में गुजरात के बल्लेबाज जूझ रहे थे। गुजरात टाइटंस के खिलाफ भुवी ने चार ओवर में 23 रन देकर एक विकेट चटकाया। पावरप्ले में भुवी ने गुजरात के कप्तान शुभमन गिल को आउट किया। अपने पहले आईपीएल खिताब का इंतजार कर रही आरसीबी इस सीजन काफी मजबूत टीम दिख रही है। आरसीबी ने अपने पहले दोनों मैचों में शानदार जीत दर्ज की थी। हालांकि, तीसरे मैच में गुजरात ने उन्हें हरा दिया। अब तीन मैचों में दो जीत के साथ आरसीबी की टीम प्वाइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर है।

### आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज

बता दें कि आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल के नाम है। चहल ने अब तक 206 विकेट लिए हैं। उनके अलावा कोई भी गेंदबाज 200 के आंकड़े तक नहीं पहुंचा है। लेग स्पिनर पीयुष चावला के नाम 192 मैचों में 192 विकेट हैं। वह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज हैं। इस लिस्ट में अब तीसरे नंबर पर भुवनेश्वर कुमार हैं। भुवी और आईपीएल से संन्यास ले चुके ड्वेन ब्रावो के नाम 183 विकेट हैं। ऐसे में एक विकेट लेते ही भुवनेश्वर कुमार आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज बन जाएंगे।

# एक हार से ही आरसीबी दो पायदान लुढ़का, श्रेयस-अक्षर की टीमों का दबदबा, इनके पास ऑरेंज-पर्पल कैप



**मुंबई।** आईपीएल 2025 अब धीरे-धीरे दिलचस्प मोड़ पर पहुंच रहा है। प्लेऑफ में पहुंचने की जंग दिलचस्प होती जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को अपने घर में गुजरात टाइटंस के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद आरसीबी की टीम अंक तालिका में दो पायदान लुढ़क कर तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। इससे पहले यह टीम शीर्ष पर थी। वहीं, गुजरात की टीम चौथे स्थान पर है। फिलहाल पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स ही ऐसी टीमें हैं, जिन्हें अब तक हार का सामना नहीं करना पड़ा है।

आरसीबी को बुधवार को गुजरात के खिलाफ आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद बेंगलुरु की टीम शीर्ष से लुढ़क कर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। उसके तीन मैचों के बाद दो जीत और एक हार के साथ चार अंक हैं। टीम का नेट रन रेट +1.149 है। वहीं, गुजरात ने भी अब तक तीन में से दो मैच जीते हैं और एक में उसे हार का सामना करना पड़ा है। गुजरात का नेट रन रेट +0.807 है। पंजाब की टीम फिलहाल अंक तालिका में शीर्ष पर है। उसके दो मैचों में दो जीत के साथ चार अंक हैं। पंजाब का नेट रन रेट +1.485 है। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स दो मैचों में दो जीत और चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। उसका नेट रन रेट +1.320 है।

### ऑरेंज कैप की दौड़ में पूरन आगे

आईपीएल 2025 में दो अप्रैल तक हुए मैचों के बाद लखनऊ सुपर जाएंट्स के बल्लेबाज निकोलस पूरन ऑरेंज कैप की दौड़ में सबसे आगे हैं। पूरन ने तीन मैचों में 219.76 के स्ट्राइक रेट से 189 रन बनाए हैं। पूरन अब तक 17 चौके और 15 छक्के लगा चुका हैं और उनका सर्वोच्च निजी स्कोर 75 रन है। दूसरे स्थान पर गुजरात के साई सुदर्शन हैं। उन्होंने तीन पारियों में 62 की औसत और 157.63 के स्ट्राइक रेट से 186 रन बनाए हैं। उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी 41 गेंद में 74 रन है। तीसरे स्थान पर गुजरात के ही जोस बटलर हैं। उन्होंने तीन पारियों में 83 की औसत और 172.92 के स्ट्राइक रेट से 166 रन बनाए हैं। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने दो मैचों में 149 रन बनाए हैं और उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 97 रन है।

### नूर अहमद के पास पर्पल कैप

चेन्नई सुपर किंग्स के स्पिनर नूर अहमद पर्पल कैप की दौड़ में फिलहाल सबसे आगे हैं। नूर शानदार गेंदबाजी कर रहे हैं और अब तक तीन मैचों में नौ विकेट अपने नाम कर चुके हैं। दूसरे स्थान पर दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क हैं जिन्होंने दो मैचों में आठ विकेट लिए हैं। स्टार्क ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में पांच विकेट लिए थे जिसकी मदद से वह इस सूची में दूसरे नंबर पर आ गए हैं। इसके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के जोश हेजलवुड, गुजरात टाइटंस के आर साई किशोर, सीएसके के खलील अहमद और लखनऊ के शार्दुल ठाकुर का नंबर आता है। इन चारों ने छह-छह विकेट लिए हैं।


# सचिन तेंदुलकर की बेटी बनीं मुंबई टीम की मालकिन

**मुंबई।** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर ने मुंबई की टीम खरीद ली है। जी हां, सारा तेंदुलकर ने ग्लोबल ई-क्रिकेट प्रीमियर लीग में मुंबई टीम का मालिकाना हक प्राप्त कर लिया है। जीईपीएल को दुनिया की सबसे बड़ी ई-क्रिकेट लीगों में से एक माना जाता है। साल 2025 में इस लीग का दूसरा सीजन आयोजित होगा। बता दें कि यह लीग रियल क्रिकेट एप पर खेली जाती है, जिसे इंटरनेट पर 30 करोड़ से भी ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है। डेब्यू सीजन के बाद ग्लोबल ई-क्रिकेट लीग ने अच्छी खासी पहचान कायम कर ली है। पहले सीजन में 2 लाख खिलाड़ियों ने रजिस्टर किया था, जबकि सीजन 2 के लिए 9 लाख 10 हजार रजिस्ट्रेशन आए हैं। जीईपीएल में मुंबई टीम की मालकिन बनने पर सारा तेंदुलकर ने कहा, क्रिकेट हमारे परिवार का अभिन्न हिस्सा रहा है। ई-स्पोर्ट्स में क्रिकेट के भविष्य को देखना उत्साहजनक है।

# फेडरेशन कप के लिए खेलना होगा क्षेत्रीय टूनार्मेंट, क्या नीरज चोपड़ा पर भी लागू होगा नया नियम?

**नई दिल्ली।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) नया नियम लेकर आया है। उसने कहा है कि 2025 सत्र की पहली राष्ट्रीय चैंपियनशिप फेडरेशन कप में भाग लेने के लिए एथलीटों को कम से कम एक क्षेत्रीय प्रतियोगिता या ग्रां प्री जैसी देशव्यापी एकदिवसीय प्रतियोगिता में भाग लेना होगा।

एएफआई ने तत्काल प्रभाव से इस नियम को अनिवार्य कर दिया है। ऐसा यह सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है कि एथलीट पूरी तैयारी के साथ टूनार्मेंट में हिस्सा लें ताकि उनके प्रदर्शन में निरंतरता आए। 27-31 मई तक कोरिया में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का चयन फेडरेशन कप में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। फेडरेशन कप का आयोजन 21-24 अप्रैल तक केरल के कोच्चि में किया जाएगा।



### नीरज चोपड़ा को मिलेगी छूट?

हालांकि, एएफआई द्वारा प्रशिक्षण के लिए विदेश भेजे गए दोहरे ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा जैसे खिलाड़ियों को इस नियम से छूट दी जाएगी। एएफआई ने कहा, 'इस प्रतियोगिता (फेडरेशन कप) में भाग लेने के लिए एथलीटों को वर्ष 2025 में एएफआई द्वारा स्वयं आयोजित की जानी वाली प्रतियोगिताओं के क्वालिफिकेशन प्रवेश मानकों को हासिल करना होगा।'

उन्होंने कहा, 'एथलीटों के लिए 2025 में कम से कम एक क्षेत्रीय प्रतियोगिता या चौथे इंडियन ओपन थ्रो/चौथे इंडियन ओपन जंप/छठे इंडियन ओपन 400 मीटर/इंडियन ग्रां प्री में भाग लेना अनिवार्य है।' एएफआई ने कहा, 'एथलीट्स को यह ध्यान देना होगा कि 2025 के प्रदर्शन पर ही विचार किया जाएगा और कोई भी पुराना प्रदर्शन स्वीकार नहीं किया जाएगा।'

अगर भारत में भाला फेंक प्रतियोगिता अगले महीने के पहले हिस्से में आयोजित नहीं होती है तो 27 वर्षीय चोपड़ा 16 मई को दोहा डाइमंड लीग में अपना सत्र शुरू कर सकते हैं। उनके एशियाई चैंपियनशिप में भाग लेने की संभावना नहीं है क्योंकि इस साल उनका मुख्य लक्ष्य 13-21 सितंबर तक टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में अपने खिताब का बचाव करना होगा।

### नीरज फिलहाल तुर्किये में कर रहे ट्रेनिंग

अभी तुर्किये में ट्रेनिंग कर रहे नीरज ने आश्चर्यजनक रूप से पिछले साल भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में भाग लिया था, लेकिन अभी यह पता नहीं चला है कि वह इस साल किसी घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे या नहीं। वह तब 2021 सत्र के बाद पहली बार किसी घरेलू प्रतियोगिता में भाग ले रहे थे। एएफआई अधिकारी ने कहा, 'नीरज इस साल किसी घरेलू प्रतियोगिता में भाग लेंगे या नहीं, इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है।'

### कब होगा वैश्विक भाला फेंक प्रतियोगिता?

जनवरी में यह घोषणा की गई थी कि भारत मई में स्टार खिलाड़ियों की मौजूदगी वाली एक वैश्विक भाला फेंक प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा जिसमें टूनार्मेंट की आयोजन टीम में नीरज चोपड़ा भी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता को विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सबेस्टियन को का समर्थन मिला है, लेकिन तब से आयोजन की तारीख और स्थल के बारे में कोई अपडेट नहीं है।

# सांसद अतुल गर्ग ने किया शहर विधायक संजीव शर्मा के नए जनसंपर्क कार्यालय का उद्घाटन





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गुरूवार को शहर विधायक गाजियाबाद संजीव शर्मा के नए जनसंपर्क कार्यालय, एमडीएच बिल्डिंग चौधरी मोड़ पर सांसद अतुल गर्ग ने फीता काट कर उद्घाटन किया।

इस मौके पर मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, पूर्व महापौर अशु वर्मा, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल सहित पार्टी के वरिष्ठ लोग और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस अवसर पर सांसद जी के प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेदी वाले, दिल्ली गेट उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव मित्तल, संजय नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष विपिन गोयल, संजय गोयल, अंकुर गोयल, मनीष दीक्षित ने पुष्प गुच्छ देकर विधायक संजीव शर्मा को अपनी शुभकामनाएं दी।

# किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल कराया जायें: सतेन्द्र त्यागी

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** भारतीय किसान यूनियन (किसान सभा) के राष्ट्रीय संरक्षक व जिलाध्यक्ष ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौपा। भारतीय किसान यूनियन (किसान सभा) के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी व जिलाध्यक्ष अरुण कसाना के नेतृत्व में किसानों का गन्ना का बकाया भुगतान, आवारा पशु आदि विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी आवास पर जिलाधिकारी दीपक मीणा से मुलाकात की। इस



दौरान उन्होंने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में मोदी शुगर मिल पर बकाया भुगतान को शीघ्र करायें जाने, गांवो में आवारा पशुओ से किसानों की फसले बर्बाद होने, आवारा पशुओं से निजात के लिये गांवो में एक अभियान चलाकर पकड़वायें जाने व विभिन्न समस्याओं का समाधान करायें जाने की मांग की। डीएम ने समस्याओं के संबन्ध में विचार कर हल करायें जाने का आश्वासन दिया है।




### भगवा मातृशक्ति को किस बात पर आ गया इतना गुस्सा

किस्सा गुस्से का है और किस्से में कहीं भाजपाईन हैं तो कहीं भगवाईन है। किस्सा सुंदरकांड से लेकर मंदिर के हवन तक गूंज रहा है। पूछने वाले पूछ रहे हैं कि मां दुर्गा के नवरात्र में ऐसा क्या हुआ कि इन देवियों को गुस्सा आ गया। सुंदरकांड वाले पाठ में किस्सा कोहनी से शुरू हुआ और घुटने की चोट तक पहुंचा। बताने वाले बताते हैं कि राणा जी का उपचार भाजपाईन ने मौके पर ही कर दिया। वहीं दूसरा किस्सा मंदिर में दान के सेंट को लेकर हुआ और फिर परफ्यूम की धूम शब्दों की धूमधड़ाक तक आ गई। बताते हैं कि यहां दोनों तरफ से मातृशक्ति ने ही एक-दूसरे को ललकारा। फिर किसी तरह से संभालने वालों ने मामले को संभाला।

### निगम के अवर अभियंता से लेकर जीडीए के अवर अभियंता तक शौकीनी के किस्से

किस्सा सरकारी गलियारों में शौकीन मिजाजी का गूंज रहा है। किस्से में नाली-सीवर वाले महकमें से लेकर विकास वाले महकमें के शौकीन चेहरे भी हैं और हसीन चेहरे भी हैं। महकमें के सूत्र बता रहे हैं कि केवल एक नानक ही इस जहाज पर सवार नहीं हुए हैं, यहां तो कितनी नांव और कितनी पतवार वाले सीन हुए हैं। बताने वाले ने बताया कि विकास वाले महकमें में अगर अवर अभियंताओं के नाम गिनाए जाएंगे तो इस फिल्म में फिर हसीनाओं के भी नाम आएंगे। कि दोनों महकमों के सूत्र बता रहे हैं कि ये महरबानी केवल हसीन चेहरों पर ही होती है। बताने वालों ने बताया कि ऐसा नहीं है कि खबर साहब तक नहीं होती है, लेकिन साहब लोग भी अपने काम से काम रखते हैं और करने वाले दाम देकर मामले को शांत रखते हैं।

### अभी तो ये अंगड़ाई है, बाकी अभी लड़ाई है

ताजपोशी हो चुकी और सिलसिला अब स्वागत से होता हुआ काम पर आ गया है। अब कप्तान को फील्डिंग लगानी है और अपनी दिमागी कसरत का कमाल दिखाना है। सुना है कि वो अभी से झुंझलाने लगे हैं। वैसे भी अभी उन्हें समय लगेगा। उन्हें यहां तक आने में भी जमाने लगे हैं। केसरिया वाले ही बता रहे हैं कि अभी तो आप जो देख रहे हैं ये शुरूआती अंगड़ाई है, अभी तो देखनी बाकी यहां की लड़ाई है। फ्लोवर वाले ने ही कूल अंदाज में बता दिया कि जरा आने तो दो कोई बड़ा प्रोग्राम, फिर देखना आप यहां व्यवस्था, अव्यवस्था, जिम्मेदारी, गैरजिम्मेदारी और एक-दूसरे पर तोहमतों का कोहराम।

# 6 अप्रैल को भाजपा स्थापना दिवस की तैयारियों के लिए कामकाजी बैठक आयोजित

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में होने वाले भाजपा के आगामी महत्वपूर्ण कार्यक्रम स्थापना दिवस की तैयारी के बाबत एक कामकाजी बैठक का आयोजन कवि नगर रामलीला मैदान स्थित जानकी सभागार में किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया मौजूद रहे। बैठक में सभी महानगर पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, मोर्चों के अध्यक्ष महामंत्री, प्रकोष्ठों विभागों के संयोजक सहित वरिष्ठ भाजपाई मौजूद रहे। बैठक में जानकारी देते हुए भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया ने बताया यह सर्वविदित है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली एन०डी०ए० सरकार का तृतीय कार्यकाल भारत की राजनीति में विकास के परिवर्तन का नया युग लेकर आगे बढ़ रहा है। इस अप्रतिम कार्यकाल के मध्य ही इसी महीने में भाजपा का 45 वां स्थापना दिवस बड़े स्तर पर आयोजित किया जाना है। यह कार्यक्रम भाजपा स्थापना दिवस 6 अप्रैल 2025 को जिला महानगर स्तर पर होगा।

मुख्यालयों की सजावट कर पंडित अटल बिहारी वाजपेई, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यालय एवं घरों पर भाजपा का ध्वजारोहण करना है।

प्रदेश द्वारा प्रेषित सामग्री के अनुरूप जिला महानगर स्तर पर भाजपा की सफल यात्रा की प्रदर्शनी भी लगानी है। 7 अप्रैल 2025 को प्रत्येक बूथ पर स्थापना दिवस मनाते हुए डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं० दीनदयाल उपाध्याय जी एवं भारत माता का चित्र लगाकर पुष्पांजलि करना है। जिसमें बूथ पर बूथ समिति के सदस्य और पन्ना प्रमुखों, प्राथमिक व सक्रिय सदस्यों तथा वरिष्ठ कार्यकताओं का एकत्रीकरण करना है। बूथ पर किसी वरिष्ठ कार्यकर्ता का एकल भाषण भी होगा। 8-9 अप्रैल 2025 को सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन विधानसभा स्तर पर करना है।






### 7-12 अप्रैल 2025 में गांव चलो अभियान

**करंट क्राइम।** मण्डल अध्यक्ष स्तर से ऊपर के सभी कार्यकर्ता (वर्तमान / पूर्व/वरिष्ठ) गाँव / शहर वार्ड में प्रवास करेंगे। साथ ही साथ जिला पंचायत सदस्य / सभासद, पार्षद सहित सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी प्रवास करेंगे। प्रत्येक को पूरे दिन में कम से कम 4 घण्टे गांव, मोहल्ला या सेवा बस्ती का प्रवास करना है। सभी प्रवासियों को उनके करणीय कार्य बताते हुए कहा कि सभी को विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से मिलना और चर्चा करना। भाजपा कार्यकताओं के संग भाजपा ध्वज लेकर गलियों में शोभयात्रा निकलवाना। सायंकाल ग्रामीणों व मोहल्ला निवासियों की चौपाल लगवाना। भाजपा के वरिष्ठ लोगों, आपातकाल सेनानी, व कारसेवको का सम्मान कराना। बूथ समिति की बैठक करना। प्रवास के समय मंदिर, अस्पताल, स्कूल गलियों में स्वच्छता अभियान कराना। इन सभी आयामों के चलते भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा बाइक रैली सहित अन्य आयाम पूरी तत्परता से जारी रहेंगे।

### बैठक के दौरान यह लोक रहे मौजूद

**करंट क्राइम।** बैठक के दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, महापौर सुनीता दयाल, मानसिंह गोस्वामी, विधायक अजीत पाल त्यागी, बलदेव राज शर्मा, पूर्व महापौर आशु वर्मा, सरदार एसपी सिंह, पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिरोही, विजय मोहन, पूर्व विधायक रूप चौधरी, अशोक मोंगा, अजय शर्मा, अशोक गोयल, अशोक नागर, अमरदत्त शर्मा, पृथ्वी सिंह कसाना, डॉक्टर वीरेश्वर त्यागी, राजेंद्र त्यागी, अनिल स्वामी, पूर्व मंत्री सच्चिदानंद शर्मा, राजेश्वर प्रसाद, ललित जायसवाल, रुचि गर्ग, इंदु जौहरी, पूर्व चेयरमैन रीना भाटी, बॉबी त्यागी, राजेश त्यागी, गोपाल अग्रवाल, अमित त्यागी, रनिता सिंह, गुंजन शर्मा, अश्वनी शर्मा, सुरेन्द्र नागर, प्रीति चंद्रा, प्रदीप चौधरी, अमित रंजन, गौरव चोपड़ा सहित अपेक्षित श्रेणी नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

### कनावनी गांव के लोगों ने बिजली की किल्लत को लेकर बिजली घर का किया घेराव



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** गुरुवार को कनावनी गांव के लोगों ने नीतिखण्ड बिजली घर पर घेराव कर हंगामा किया। लोगों ने कहा कि 15 दिन से बिजली की समस्या से पूरा जूझ रहे। लोग इक्कठा होकर नीतिखंड एसडीओ व एक्शन कार्यालय पर जाकर घेराव व प्रदर्शन किया। सतीश नागर ने बताया कि गांव में बिजली की कटौती 10 घटे हो रही है। पूरा गांव परेशान है, लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इसको लेकर आज हमने एसडीओ नीति खंड कार्यालय का घेराव किया। अधिशासी अभियंता इंदिरापुरम ने लोगों को आश्वासन दिया की बिजली कटौती नहीं होगी, ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ वापस आ गए।

### सम्मान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गुरूवार को राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता, समाजसेवी अशोक कुमार भारतीय, वीरेंद्र कुमार कंडेरे, जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर कपिल शर्मा और पार्षद नीरज गोयल ने भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजपाल तेवतिया को पटका पहनाकर पुष्प गुच्छ और मूर्ति भेंट की।




## किन थ्री और टू-स्टारों पर हैं नजरें

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार बराबर वाले कमिश्नरेट से टू और थ्री-स्टार आने का सिलसिला बीते कुछ महीनों से लगातार बना हुआ है। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि बाहर से आने वाले थ्री और टू-स्टार जल्द ही अपनी पोजीशन पा सकते हैं। बताया जा रहा है कि बीते दिनों गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट से बड़ी संख्या में टू-स्टार रवाना किए गए हैं। तो पास वाले कमिश्नरेट से आने वाले कई टू और थ्री-स्टार के लिए नवरात्रि के बाद कुछ समीकरण बन सकते हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों जहां तबादला एक्सप्रेस का कमिश्नरेट और आसपास के जिलों में असर दिखने की चर्चा चल रही थी, उसपर अभी संशय बरकरार है कि लिस्ट कब आती है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि यहां वाले कई थ्री-स्टार अब वेट करते-करते अपने आप को लेट महसूस करने लगे हैं। तो कई यहां से जाने के लिए अर्जी और जुगाड़ वाला तंत्र अपनाने में जुट गए हैं। बताया जा रहा है कि सिटी और देहात में नाम लिखवा चुके एक थ्री-स्टार आजकल नया गुणाभाग लगाने में जुटे हुए हैं। बताया जा रहा है कि वैसे उनका वाला मामला बेहद हाईलाइट था, पर आजकल वह लाइट और हाईलाइट दोनों से दूर हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम से जानकारी मिली है कि सिटी, नदिया पार और देहात




तीनों ही जोन में अपने कारनामे फैलाने वाले एक थ्री- स्टार पर अभी भी सस्पेंस बरकरार है कि वह यहां से कब रवाना किए जाएंगे। उनकी माफियों का असर सुलह की ओर होता नजर नहीं आ रहा है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों से जानकारी मिली है कि सिटी वाले साहब के पुराने वाले जनसंपर्क अधिकारी चौकी से थाने और अब थाने से सीधे उनके साथ आ गए हैं। बताया जा रहा है कि उनका पूरा टेस्ट लेने के बाद ही उन्हें थाने में भेजा गया था लेकिन अब दोबारा पुरानी जगह आ गए हैं। उधर नदिया पार को लेकर चर्चा यह है सुनाई दे रही है कि जब भी उधर की लिस्ट आएगी, दो से तीन टू-स्टार आउट होंगे। तो एक टू-स्टार को देहात से नदिया पार में अपग्रेड कर दिया जाएगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि इन दिनों गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में पास वाले कमिश्नरेट से आने वाले पुलिसकर्मियों पर ज्यादा नजरें इनायत की जा रही हैं। बताया जा रहा है कि वहां के टू-स्टार वर्किंग के लिहाज से ज्यादा बेहतर माने जा रहे हैं। देखना होगा आने वाले दिनों में देहात, सिटी और नदिया पार वाले जोन की जो लिस्ट आती है, उसमें पास वाले कमिश्नरेट के कितने फेस चांस पाते हैं और कितने रेस से आउट हो जाते हैं।

# अवैध विला प्रोजेक्ट पर चला बुलडोजर, पुलिस फोर्स के साथ हुई कार्रवाई

**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने गांव अच्छेजा में अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। थाना बादलपुर क्षेत्र में स्थित अच्छेजा गांव में रामायणम विला के नाम से एक अवैध प्रोजेक्ट का निर्माण किया जा रहा था। प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन पर यह अवैध निर्माण हो रहा था। खसरा संख्या 1420 और 1421 की इस जमीन पर बिना किसी मानक का पालन किए विला और कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जा रहा था।



प्राधिकरण ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में यहां बुलडोजर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। अवैध निर्माण को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे अवैध निर्माण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने भेजा जेल

**लोनी (करंट क्राइम)।** लोनी थाना पुलिस ने नव विवाहिता की दहेज हत्या में फरार आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि नव विवाहिता की मां ने लोनी थाने में शिकायत पत्र देकर अपने दामाद के विरुध रिपोर्ट दर्ज कराई बादिया ने बताया कि उसकी पुत्री की शादी सात माह पूर्व चिरौडी निवासी मोईन 21 वर्ष पुत्र शौकत के साथ हुई थी वर्तमान में



मोईन गिरी मार्केट में मेडिकल स्टोर चलाता है एक अप्रैल को मोईन ने बादिया की पुत्री के साथ मारपीट की तथा दस लाख रुपए मायके से लाने के लिए कहा जब उसने विरोध किया तो उसके साथ दोबारा जमकर मारपीट की उसकी पुत्री ने गुस्से में आकर फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने बादिया की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम तैनात की पुलिस ने चौबीस घंटे में ही आरोपी मोईन को गिरफ्तार कर लिया तथा जेल भेज दिया।

# तीन घंटे के विशेष अभियान में शराब पीने वाले गाजियाबाद में 507 लोग गिरफ्तार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में चले इस तीन घंटे के अभियान में 507 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान कर रहे हैं। इसके बाद शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में यह विशेष अभियान चलाया गया। पकड़े गए सभी लोगों को थाने लाया गया। इनका मेडिकल कराने के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार, नगर जोन में कुल 208



लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें कोतवाली घंटाघर से 46, विजयनगर से 41, सिहानी गेट से 25, नंदग्राम से 43, कवि नगर से 27 और मधुबन बापूधाम से 26 लोग शामिल हैं। डीसीपी रूरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि देहात जोन में 155 लोगों पर कार्रवाई हुई। इनमें लोनी से 27, ट्रॉनिका सिटी से 14, अंकुर विहार से 13, लोनी बॉर्डर से 12, मसूरी से 13, मुरादनगर से 29, मोदीनगर से 6, निवाड़ी से 5, भोजपुर से 10, वेव सिटी से 5 और क्रॉसिंग रिपब्लिक से 21 लोग शामिल थे।

# आपरेशन ब्रह्मा - म्यांमार में एनडीआरएफ की टीमों का बचाव अभियान जारी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** आपरेशन ब्रह्मा के तहत, एन.डी.आर.एफ. की 8वीं वाहिनी गाजियाबाद से एक विशेष रेस्क्यू टीम म्यांमार भेजी गई है। इस टीम का नेतृत्व वाहिनी कमांडेंट श्री प्रवीण कुमार तिवारी कर रहे हैं, जोकि भूकंप से प्रभावित पीड़ितों की मदद के लिए बचाव कार्यों में पूरी तत्परता से जुटी हुई है।

एन.डी.आर.एफ. की यह टीम इन्टरनेशनल स्टैन्डर्स के अनुरूप सीएसएसआर/बिल्डिगं कोलेप्स बचाव कार्यो में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त है तथा उक्त टीम में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त महिला रेसक्यूर्स और ड9 डाग्स एवं विशेष उपकरण की मदद से मलबे में दबे हुए लोगों को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। अब तक, एन.डी.आर.एफ. टीम ने मलबे में दबे लगभग 50 शवों को निकालकर उनके खोये हुए परिवारों को सर्व सम्मान के साथ सुपुर्द किया, निरंतर आपरेशन जारी है। साथ ही 8वीं वाहिनी गाजियाबाद मे राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया रिर्जव का भंडार भी स्थापित है वर्ष 2024-25 मे लगभग 280 टन आपदा राहत सामग्री कुल 12 देशो में भेजा गया एवं म्यांमार मे चल रहे



(आपरेशन ब्रह्मा) के तहत तत्काल राहत प्रदान करने के लिए भारत सरकार एवं विदेश मंत्रालय के दिशा निदेशों के अनुसार पीड़ितों को राहत सामग्री मे दैनिक आवश्यकता की वस्तुएं भेजी गई हैं। इस अद्वितीय प्रयास की सराहना देश-विदेश की विभिन्न संस्थाओं द्वारा की जा रही है। एन.डी.आर.एफ. का यह अभियान प्रभावित क्षेत्र में एक आशा की किरण बनकर उभरा है, और हर संभव मदद प्रदान करने के लिए एन.डी.आर.एफ. पूरी तन्मयता से काम कर रही है

# सूर्य मंदिर छठ घाट पर श्रद्धालुओं की पूजा अर्चना



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)** चैत्र छठपर्व पर करहैड़ा स्थित सूर्य मंदिर छठ घाट पर गुरुवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। पंडित अनिल दुबे ने बताया कि दो अप्रैल को खरना, तीन अप्रैल को संध्याकालीन अर्घ्य एवं चार अप्रैल को प्रातःकालीन अर्घ्य है। शिव शक्ति सूर्य छठ ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र चौहान ने बताया कि लोक आस्था का महापर्व चैती छठ, सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित है। यह 4 दिनों तक चलता है। यह पर्व चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से शुरू होकर सप्तमी तिथि तक चलता है। उन्होंने बताया कि घाट में स्वच्छ पानी भरवारा गया है, जिससे श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो। वही सैकड़ो की संख्या में घाट पर श्रद्धालु पूजा अर्चना की।

## सूर्य उपासना का पर्व चार दिवसीय चैत्र छठ पूजा सम्पन्न



साहिबाबाद (करंट क्राइम) सूर्य उपासना का पर्व चार दिवसीय चैत्र छठ पूजा उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देते ही संपन्न हो गया। साहिबाबाद के औद्योगिक क्षेत्र के गोल्डन कंपाउंड के छठ घाट पर बने घाट पर जाकर व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। छठ व्रतियों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर छठ सम्पन्न किया। इस मौके पर पार्षद भूपेंद्र उपाधयाय, रामाशीष सिंह, वरुण सिंह, अरुण शुक्ला, दिनेश पांडेय, विनोद राय, कविंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, मुरारी सिंह, राणा सिंह, कमलेश महतो, दिनेश शर्मा, हरेन्द्र गुप्ता, नागेंद्र गुप्ता, कुँवर भास्कर सिंह, संजय गुप्ता, मुन्ना चौबे, विनीत शुक्ला, सत्येंद्र सिंह, चंदन सिंह, पुष्पेंद्र सिंह आदि लोग श्रद्धालुओं की सेवा में मौजूद रहे।

# नोएडा में मिली नेपाली महिला की लाश, पुलिस कर रहीं जांच

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा के फेज-2 स्थित याकूबपुर गांव एक महिला की लाश मिली है। महिला मूल रूप से नेपाल की रहने वाली थी। महिला को दमा की बीमारी थी। इसी के चलते उसकी मौत होने की संभावना व्यक्त की गई है। महिला जब सुबह कमरे से बाहर नहीं निकली तो पड़ोसियों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को



महिला की लाश मिली। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। कमरे में अकेली रहती थी पुलिस ने बताया कि महिला याकूबपुर गांव में एक कमरे में अकेले रहती थी। पहचान आयुष तमांग उम्र करीब 26 साल के रूप में हुई है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी है। वो यहां रहकर घरेलू सहायिका के तौर पर काम करती थी। बताया गया कि काफी लंबे समय से बीमार थी। मौके पर फारेंसिक टीम को बुलाया गया। वहां जांच पड़ताल की गई। महिला करीब एक साल पहले से यहां रह रही थी। चोट के निशान नहीं प्राथमिक जांच में सामने आया कि महिला की मौत दमा के अटैक आने की वजह से हुई है। शरीर पर चोट के निशान नहीं है। आस पड़ोस वालो से महिला के बारे में जानकारी की गई। जिसके बाद पता चला कि महिला नेपाल की रहने वाली थी। परिजनों को जानकारी दी गई।

# प्रधानमंत्री बोले- थाईलैंड दौरा यादगार, खुद तस्वीरें शेयर कर दिखाई यात्रा की झलकियां

**थाईलैंड ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थाईलैंड के दौरे को यादगार बताया है। उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर बैंकॉक से कई तस्वीरें शेयर की हैं। पीएम मोदी ने एक्स पर ही जारी एक बयान में लिखा कि प्रधानमंत्री शिनावात्रा के साथ उन्होंने कृषि, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) के साथ-साथ शिपिंग, फिनटेक और अंतरिक्ष में मिलकर काम करने के बारे में बात की। बातचीत में सांस्कृतिक संबंधों पर भी प्रमुखता से चर्चा हुई। शुक्रवार को प्रधानमंत्री छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भी शिरकत करेंगे। बैंकॉक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, थाईलैंड की उनकी समकक्ष शिनवात्रा की मौजूदगी में भारत और थाईलैंड के बीच अहम सहमति पत्रों का आदान-प्रदान भी किया गया। इस दौरान विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर भी मौजूद रहे।







**बैंकॉक में गार्ड ऑफ ऑनर :** पीएम मोदी के बैंकॉक पहुंचने के बाद उनके सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सैनिकों की मौजूदगी में दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने परेड और सलामी का निरीक्षण किया।

प्रधानमंत्री मोदी अक्सर अपने सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान स्थानीय लोगों के अलावा बच्चों से भी मिलते रहते हैं। थाईलैंड दौरे पर भी पीएम मोदी बच्चों को दुलारते दिखे।

**थाईलैंड की प्रधानमंत्री ने दिखाई कलाकृतियां, कला और संस्कृति से जुड़े पहलुओं पर चर्चा :** बैंकॉक पहुंचे पीएम मोदी ने थाईलैंड की प्रधानमंत्री शिनवात्रा के साथ कई अहम मुद्दों पर बात की। इसके अलावा उपहारों के आदान-प्रदान का सिलसिला भी चला। एक ऐसी ही तस्वीर में पीएम मोदी को मोर जैसी कलाकृति और शॉल के बारे में बातचीत करते देखा जा सकता है।

## इस्राइल ने गाजा पर रातभर किए हमले, 55 फलस्तीनी नागरिकों की मौत, मृतकों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल

**देर अल बलाह ।** इस्त्राइल ने गाजा पट्टी पर रात भर ताबड़तोड़ हमले किए। इन हमलों में कम से कम 55 फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। खान यूनिस के अधिकारियों के अनुसार, 14 लोगों के शव नासिर अस्पताल में लाए गए हैं। इनमें से नौ एक ही परिवार के हैं। मृतकों में पांच बच्चे और चार महिलाएं शामिल हैं।

अस्पताल अधिकारियों के अनुसार, एक से सात साल की उम्र के पांच बच्चों और एक गर्भवती महिला सहित 19 अन्य लोगों के शव खान यूनिस के पास यूरोपीय अस्पताल ले जाए गए। इसके अलावा, गाजा शहर में 21 शवों को अहली अस्पताल ले जाया गया है। इनमें सात बच्चे भी शामिल हैं। शेष बंधकों की रिहाई तक जारी रहेगा युद्ध इस्त्राइली हमलों से एक दिन पहले, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने कहा था कि इस्त्राइल गाजा के बड़े क्षेत्रों पर कब्जा करेगा। इसके बाद फलस्तीनी क्षेत्र में एक नया सुरक्षा गलियारा स्थापित किया जाएगा। इस्त्राइल ने कहा है कि वह 18 महीने से चल रहे युद्ध को तब तक जारी रखेगा, जब तक कि आतंकवादी समूह हमास अपने हथियार नहीं डालेगा और शेष बंधकों को रिहा नहीं करेगा। इसके अलावा, इस्त्राइल ने भोजन, ईंधन और मानवीय सहायता के सभी आयातों पर एक महीने के लिए रोक लगा दी है, जिससे आपूर्ति कम होने के कारण नागरिकों को भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है। गाजा में एक नया सुरक्षा गलियारा स्थापित कर रहा इस्त्राइल, बढ़ते तनाव के बीच नेतन्याहू की घोषणा गाजा में नया सुरक्षा गलियारा स्थापित कर रहा इस्त्राइलः नेतन्याहू इस बीच, इस्त्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को घोषणा की है कि इस्त्राइल गाजा पट्टी में एक नया सुरक्षा गलियारा स्थापित कर रहा है, जिसके चलते राफा शहर को फलस्तीनी क्षेत्र से काट दिया जाएगा। नेतन्याहू ने इस सुरक्षा गलियारे को 'मोराग कॉरिडोर' का नाम दिया है, जो राफा और खान यूनिस के बीच होगा। नेतन्याहू ने कहा कि यह 'दूसरा फिलाडेल्फिया कॉरिडोर' होगा, जो मिस्त्र के साथ सीमा के गाजा पक्ष को दक्षिण की ओर संदर्भित करता है, जो मई 2024 से इस्त्राइल के नियंत्रण में है। नेतन्याहू ने कहा कि हम पट्टी को काट रहे हैं और हमास पर कदम दर कदम दबाव बढ़ा रहे हैं।



## तुर्किये पुलिस ने 11 लोग हिरासत में लिए

**इस्तांबुल ।** तुर्किये पुलिस ने बृहस्पतिवार को 11 लोगों को हिरासत में लिया है। इन लोगों ने राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के मुख्य प्रतिद्वंदी और इस्तांबुल के मेयर एक्रेम इमामोग्लू की कैद के विरोध में बीते दिन एक दिवसीय खरीदारी बहिष्कार का समर्थन किया था। सरकारी मीडिया के अनुसार, इस्तांबुल के मुख्य लोक अभियोजक कार्यालय ने 16 संदिग्धों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है, जिन पर 'घृणा और भेदभाव' फैलाने का आरोप है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हिरासत में लिए गए लोगों में अभिनेता सेम यिगित उज़ुमोग्लू भी शामिल हैं।



## चीनी नागरिकों से दोस्ती और शारीरिक संबंध नहीं बना सकते अमेरिकी सरकारी कर्मचारी, सरकार ने लगाया प्रतिबंध

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी सरकार ने चीन में तैनात अपने सरकारी कर्मचारियों पर चीन के नागरिकों के साथ दोस्ती और शारीरिक संबंध बनाने पर रोक लगा दी है। यह रोक चीन में काम कर रहे अमेरिकी ठेकेदारों पर भी लागू रहेगी। अमेरिकी विदेश विभाग ने इसकी जानकारी नहीं दी है, लेकिन न्यूज एजेंसी एपी के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। एपी की रिपोर्ट के अनुसार, यह रोक बीती जनवरी से ही लागू है, लेकिन सार्वजनिक तौर पर इसका एलान नहीं किया गया है।

**चीन के बाहर तैनात कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा प्रतिबंध :** इससे पहले बीते साल अमेरिकी सरकार ने चीन में अपने दूतावासों में तैनात चीनी सुरक्षाकर्मियों और अन्य सहयोगी स्टाफ के साथ भी दूतावास के कर्मचारियों के दोस्ती करने पर रोक लगा दी थी। जनवरी में इसे चीन के सभी नागरिकों पर लागू कर दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार, बीते साल ही अमेरिकी सरकार ने इस प्रतिबंध पर विचार करना शुरू कर दिया था। ताजा प्रतिबंध के बाद चीन में अमेरिका के दूतावास, साथ ही ग्वांगझू, शंघाई, शेनयांग और वुहान में स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास में तैनात कर्मचारी और हॉन्ग-कॉन्ग में स्थित वाणिज्य दूतावास के कर्मचारी किसी भी चीनी नागरिक के साथ दोस्ती या शारीरिक संबंध नहीं बना पाएंगे। हालांकि चीन से बाहर तैनात अमेरिकी अधिकारियों पर ऐसी कोई रोक लागू नहीं होगी।

आदेश के तहत अगर किसी अमेरिकी कर्मचारी की पहले से ही चीनी नागरिक के साथ दोस्ती है तो उसे छूट दी गई है, लेकिन उसे छूट पाने के लिए आवेदन करना होगा।



## ग्रीक द्वीप के पास प्रवासियों से भरी नाव पलटी, चार की मौत, 23 को बचाया

**एथेंस ।** ग्रीस में तुर्की तट से प्रवासियों को लेकर ग्रीक द्वीप जा रही एक नाव बृहस्पतिवार सुबह पलट गई। ग्रीस के तट रक्षक ने बताया कि हादसे में चार लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में दो महिलाएं और दो बच्चे- एक लड़का व एक लड़की शामिल हैं, जिनके शव बरामद कर लिए गए हैं। इसके अलावा, 23 लोगों को बचा लिया गया है। तट रक्षक के अनुसार, लेसबोस द्वीप के उत्तरी तट पर खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में मौसम साफ था। इसके बाद भी नाव पलटने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। नाव पर कितने लोग सवार थे, उनकी राष्ट्रीयता क्या थी, वह किस तरह के जहाज का इस्तेमाल कर रहे थे। इस बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।



### लापता लोगों की नहीं मिली स्पष्ट जानकारी

ग्रीस के तट रक्षक के अनुसार, समुद्र और जमीन पर खोज-बचाव अभियान चलाया जा रहा है। बचाव अभियान में तीन तट रक्षक जहाज, वायु सेना का एक हेलीकॉप्टर, और एक नाव शामिल हैं, जो हादसे के पीड़ितों की लगातार तलाश कर रहे हैं। हालांकि, कितने लोग लापता हैं। इसके बारे में अभी कोई स्पष्ट रिपोर्ट नहीं मिल पाई है।

### यूरोपीय संघ में प्रवेश करने का मुख्य बिंदु है ग्रीस

जानकारी के अनुसार, मध्य पूर्व, अफ्रीका और एशिया में संघर्ष के चलते वहां पर लोगों को गरीबी ने अपनी चपेट में ले लिया है, जिसके चलते लोग वहां से भाग रहे हैं। गरीबी से भाग रहे लोगों के लिए यूरोपीय संघ (ईयू) में प्रवेश करने के लिए ग्रीस मुख्य बिंदुओं में से एक है। तुर्की तट से पास के ग्रीक द्वीपों तक की यात्रा छोटी और जोखिम भरी है। इसके बावजूद कई लोग इस यात्रा का जोखिम उठाते हैं, जिसके चलते अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं।

## हंगरी का अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय की सदस्यता छोड़ने का एलान, नेतन्याहू के दौरे से पहले लिया फैसला

**बुडापेस्ट ।** हंगरी, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय की सदस्यता छोड़ने की तैयारी कर रहा है। हंगरी की सरकार ने एक बयान जारी कर कहा है कि वे गुरुवार से अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) की सदस्यता छोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा कि सदस्यता छोड़ने की पूरी प्रक्रिया अंतरराष्ट्रीय कानूनों और संवैधानिक ढांचे के अनुरूप ही होगी। हंगरी का यह एलान ऐसे समय आया है, जब जल्द ही इस्त्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट का दौरा करने वाले हैं। बीते साल नवंबर में हंगरी की सरकार ने नेतन्याहू को दिया था न्योता गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने नेतन्याहू के खिलाफ गाजा में नरसंहार करने के आरोप में वारंट जारी किया हुआ है। दक्षिणपंथी विक्टर ओर्बन के नेतृत्व वाली हंगरी की सरकार ने बीते साल नवंबर में नेतन्याहू को हंगरी आने का न्योता दिया था। आईसीसी ने नेतन्याहू के खिलाफ जो वारंट जारी किया था, उसके बाद ही यह न्योता दिया गया था। विक्टर ओर्बन को नेतन्याहू का करीबी माना जाता है और उन्होंने नेतन्याहू के खिलाफ जारी हुए गिरफ्तारी वारंट को बेशर्मी भरा और निंदनीय बताया था। दरअसल अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय का सदस्य होने के नाते हंगरी को नियमों के तहत नेतन्याहू के खिलाफ जारी वारंट के चलते उन्हें हंगरी पहुंचने पर हिरासत में लेना पड़ता, लेकिन अब हंगरी ने आईसीसी की सदस्यता ही छोड़ने का एलान कर दिया है।

पीएम नेतन्याहू और उनके दो सलाहकार घोटाले में फंसे? पैसे लेकर कतर का प्रचार कराने का आरोप, जांच शुरू नरसंहार और युद्ध अपराध के मामलों में जांच करता है आईसीसी गाजा युद्ध शुरू होने के बाद हंगरी का दौरा नेतन्याहू की दूसरी विदेश यात्रा होगी। इससे पहले फरवरी में नेतन्याहू ने अमेरिका का दौरा किया था। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय विश्व का प्रथम स्थायी अपराध न्यायालय है, जो रोम संविधि द्वारा शासित किया जाता है। यह नरसंहार, युद्ध अपराध, मानवता के विरुद्ध अपराध और आक्रमण जैसे अपराधों से संबंधित जांच करता है। भारत, चीन और अमेरिका इसके सदस्य नहीं हैं।



## म्यांमार भूकंप में मृतकों की संख्या में हुआ इजाफा, 3085 लोगों की मौत, करीब चार हजार घायल और 341 लापता

**बैंकॉक ।** म्यांमार में करीब एक हफ्ते पहले आए भूकंप में मृतकों की संख्या में इजाफा हुआ है। बता दें कि, राहत और बचाव दल ने मलबे कई अन्य लोगों के शव बरामद किए हैं, इसके बाद मृतकों की संख्या 3085 तक पहुंच गई है। वहीं इस विनाशकारी भूकंप के बाद अभी चार हजार से ज्यादा लोग घायल है और कुल 341 लोग लापता हैं। ये आंकड़े म्यांमार की सेना की तरफ से जारी किए गए हैं।

### 7.7 तीव्रता के भूकंप ने मचाई तबाही

बीते शुक्रवार यानी 28 मार्च को आए 7.7 तीव्रता के भूकंप का केंद्र म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के पास था। जिससे हजारों इमारत जमींदोज हो गए और सड़कें बड़े-बड़े खाई में बदल गईं। स्थानीय मीडिया में हताहतों की संख्या की रिपोर्ट आधिकारिक आंकड़ों से कहीं अधिक है और दूरसंचार के व्यापक रूप से बंद होने और कई स्थानों तक पहुंचना मुश्किल होने के कारण, ऐसा माना जाता है कि ज्यादा जानकारी मिलने पर हताहतों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हो सकती है।



### डब्ल्यूएचओ और यूएन ने मदद की अपील की

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि उसके प्रारंभिक आकलन के अनुसार, चार अस्पताल और एक स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं जबकि अन्य 32 अस्पताल और 18 स्वास्थ्य केंद्र आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने कहा, 'बुनियादी ढांचे के नुकसान और रोगियों की बढ़ती संख्या के कारण, सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच लगभग असंभव हो गई है।' 'हजारों लोगों को देखभाल, चिकित्सा और बीमारी के प्रकोप के लिए उपचार की तत्काल आवश्यकता है।'

### चौतरफा संकट से जूझ रहा म्यांमार

म्यांमार की सेना ने 2021 में आंग सान सू की की लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार से सत्ता छीन ली, जिससे गृहयुद्ध छिड़ गया। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, भूकंप ने पहले से ही गंभीर मानवीय संकट को और बढ़ा दिया है, जिसमें तीन मिलियन से अधिक लोग अपने घरों से विस्थापित हो गए हैं और लगभग 20 मिलियन लोग भूकंप से पहले ही जरूरतमंद थे। इसी बीच सेना ने बुधवार को 22 अप्रैल तक अस्थायी युद्ध विराम की घोषणा की। यह घोषणा सैन्य शासन का विरोध करने वाले सशस्त्र प्रतिरोध समूहों की तरफ से घोषित एकतरफा अस्थायी युद्ध विराम के बाद की गई है।

## जल्द वॉशिंगटन छोड़ सकते हैं दिग्गज कारोबारी एलन मस्क सरकारी दक्षता विभाग को बंद करने के मिल रहे संकेत

**वॉशिंगटन ।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में बनाया गया सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) जल्द बंद हो सकता है। दरअसल, दिग्गज अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने हाल ही में संकेत दिया है कि वह निकट भविष्य में अपने काम को पूरा कर लेंगे। वहीं, राष्ट्रपति ट्रंप ने भी इस हफ्ते पत्रकारों से कहा कि मस्क किसी भी समय अपनी कंपनियों को चलाने के लिए वापस काम पर लौटेंगे। जहां तक उनके नेतृत्व वाले विभाग की बात है तो यह खत्म हो जाएगा।

**साल की पहली तिमाही में गिरी टेस्ला की बिक्री :** यह चर्चा तब और तेज हुई जब मंगलवार को विस्कॉन्सिन में मस्क को झटका लगा। विस्कॉन्सिन के मतदाताओं ने सुप्रीम कोर्ट के लिए उनके उम्मीदवार को खारिज कर दिया। मस्क ने उम्मीदवार को समर्थन करने के लिए 21 मिलियन डॉलर का दान दिया था और साप्ताहांत में प्रचार भी किया था। अमेरिका के कुछ राज्यों में सुप्रीम कोर्ट के जजों का चुनाव होता है। इसके अलावा, उनकी इलेक्ट्रिक कंपनी टेस्ला को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिसकी बिक्री साल के पहले तीन महीनों में 13 फीसदी गिर गई।



### डीओजीई को 2026 तक चलाने की थी योजना

व्हाइट हाउस ने सरकारी दक्षता विभाग को बंद करने की कोई स्पष्ट समयसीमा नहीं बताई है। यह संस्थान सरकारी खर्चों में कटौती करने के लिए बनाया गया था। शुरू में इस विभाग को 4 जुलाई 2026 तक चलाने की योजना थी। लेकिन अब संकेत मिले रहे हैं कि इसे बंद किया जा सकता है। इसके कर्मचारियों को विभिन्न संघीय एजेंसियों में स्थानांतरित किया गया है, जो अब खर्चों में कटौती की जिम्मेदारी संभालेंगी। सरकार में बड़े पैमाने पर छंटनी की जा रही है, ताकि मस्क और ट्रंप की ओर से तय किए गए लक्ष्यों को पूरा किया जा सके। नए चरण में प्रवेश कर रही ट्रंप प्रशासन की रणनीति पिछले हफ्ते ट्रंप ने कहा, 'हमें लगता है कि अगले दो-तीन महीनों में हम उन लोगों से काफी संतुष्ट होंगे, जो मेहनत कर रहे हैं और प्रशासन का हिस्सा बनना चाहते हैं।' सरकारी दक्षता विभाग के खत्म होने का मतलब यह नहीं होगा कि ट्रंप वॉशिंगटन में बदलाव लाने से रुक जाएंगे। ट्रंप प्रशासन की रणनीति अब एक नए चरण में प्रवेश कर रही है, जहां मस्क की भूमिका कम होगी। मस्क का आक्रामक रुख उन्हें प्रशासन में एक विवादित शख्स बना चुका है। रामास्वामी ने डीओजीई से खुद को कर लिया था अलग सरकारी दक्षता विभाग को शुरू में एक स्वतंत्र सलाहकार समिति के रूप में स्थापित किया गया था, जिसमें मस्क के साथ उद्यमी विवेक रामास्वामी भी नेतृत्व साझा कर रहे थे। लेकिन रामास्वामी ने खुद को इससे अलग कर दिया और अब ओहायो के गवर्नर पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। इसके बाद, इस विभाग को औपचारिक रूप से सरकार का हिस्सा बना दिया गया। सरकारी दक्षता विभाग में मस्क के सहयोगियों को रखा गया था।

# शहर विधायक संजीव शर्मा के नए कार्यालय का लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने किया उद्घाटन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर विधायक संजीव शर्मा ने अब लाईन के इस पार भी उपलब्ध रहेंगे और लाईन के उस पार भी वो रोजाना जनता से मुलाकात कर रहे हैं। गुरूवार को उन्होंने अपने नए कार्यालय का शुभारंभ किया। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने ऑपूलेंट मॉल के सामने बने शहर विधायक के नए कार्यालय का उद्घाटन फीता काट कर किया। इस अवसर पर मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी एवं भाजपा कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा योद्धा आजकल कुछ कर ही रहे हैं ऐसा काम? उनकी कर्मठता को देखकर हर कोई लाइव टेलीकास्ट शुरू कर देता है श्रीमान? सुना है नदिया पार के भगवा माथुर ने भी इसी भाव में बहकर पहले दिन ही कर दिया था उनका लाइव? फिर ना जाने क्या हुआ एकदम हो गया उनके साथ मामला आइस-पाइस? हम देख रहे हैं पहला लाइव करने के बाद भगवा माथुर के दोबारा नहीं हुए हैं दीदार? या तो उन्हें पता चल गया है कि इस सिस्टम में उनका अब कुछ होने वाला नहीं है? या फिर किसी ने वीटो लगा दी है यार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक समय ऐसा लग रहा था भगवा योद्धा गोयल भैया की टीम में आराम से मिस्टर डेढ़ा खाएंगे पेड़ा? मगर लगता है उनकी टीम नहीं होने दे रही है उनकी तमन्नाओं का सवेरा? जिस वक्त उनकी टीम को अपने अध्यक्ष की पैरोकारी में नजर आना चाहिए उनके साथ? हम देख रहे हैं उनकी पूरी टीम के जाग गए हैं खुद डेढ़ा जी का पेड़ा खाने के जज्बात? सभी उनकी तरह मांग रहे हैं सिस्टम में पद? अब इस तरह से पार हो रही है तमन्नाओं की हद?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार में यश पालने वाले पहलवान इन दिनों हो गए हैं काफी गुमनाम? कभी बीप-बीप वाली आवाजों से मचा देते थे ये कोहराम? मगर बहुत दिनों से हो गए हैं ये साइलेंट? अब इनके अंदाज नहीं दिख रहे हैं वाइलेंट? सुना है, दोनों दोस्तों में से एक दोस्त ने इनको दे दिया है संदेश? ताकत अब परिवर्तित हो चुकी है, इसलिए अब खामोश हो जाओ डाउन टू अर्थ रखो अपना फेस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के भगवा मीत जी ने करा दिया है अपनी गाड़ी पर पूर्व वाला एहसास? मगर हम देख रहे हैं उनके प्रिय दूसरे पूर्व भगवा कमिश्नर के दिल में अभी नहीं जागे हैं पूर्व वाले जज्बात? अभी भी वो अपनी कार में वर्तमान वाली व्यवस्था के साथ हो रहे हैं सवार? कहने वाले ने कहा- बहुत दिलजलों ने क्लिक कर ली है उनकी फोटो? बस वो अब इस पर पूर्व लिखने का कर रहे हैं इंतजार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार में चल रहा है इस बात का फसाना? भगवा योद्धा की टीम में महामंत्री बनेगा कौन सा कसाना? इन्हीं सभी चचाओं के बीच एक कसाना जी ने निकाली जुबानी रसीद? कहा- गंगा जी में डुबकी लगाने वाले कसाना जी की तमन्ना ईश्वर पूरी करें श्रीमान? मगर वो इस बात का ध्यान रखें, हमने महाकुंभ में डुबकी लगाकर मांगे हैं अरमान? कहने वाले ने कहा- देखना अब ये है कि दोनो में से किसी डुबकी दिखाएगी असर? क्योंकि गागर में सागर भरने वाले नागर जी नहीं छोड़ रहे हैं कोई भी कसर? सुना है रोजाना मजबूत हो रहा है उनका मंजिल तक पहुंचाना वाला सफर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम बैठे थे एक विधायक के पास, विधायक जी निकाल रहे थे अपने दिल के जज्बात? कह रहे थे पार्टी में रहकर पार्टी के खिलाफ नहीं उठानी चाहिए किसी भी जनप्रतिनिधि को आवाज? ऐसा करने से पार्टी का माहौल होता है खराब? उन्होंने कहा- हम खुलकर नहीं कह रहे, मगर हमें होता है इस तरह की घटनाओं से कष्ट? इससे ज्यादा और नहीं कह सकते हैं हम अपनी बात को स्पष्ट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कह दिया तो हुआ समझो वाले विधायक जी के यहां पर इन दिनों लगी हुई है भगवा संगठन के दावेदारों की बहुत लंबी लाइन? सुना है जबसे ये शेर भगवा योद्धा ने उनकी शान में पढ़ा है, तब से विधायक जी को कार्यालय पर देना पड़ रहा है बहुत ज्यादा टाइम? आने वाले लगा रहे हैं उनसे एक ही अरदास? कह रहे हैं आप हमारे बारे में एक बार उनसे कह दो? हमारा काम बन जाएगा साहब?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा गढ़ में इन दिनों गूंज रहा है गागर में सागर भरने वाले नागर? बीप-बीप वाले चाचा, स्कूटी, चाबी और छोटा हाथी का किस्सा? सुना है, ये किस्सा बन रहा है अब हर किसी का हिस्सा? सुना है, भगवा चाचा ने चाबी वाला किया था मिस्टर नागर से मजाक? मगर यहां तो चाबी हकीकत में खो गई साहब? सुना है, स्कूटी को घर तक पहुंचाने में ली गई थी छोटे हाथी की सेवाएं? पता चला है, इस पूरे मामले के बाद गागर में सागर भरने वाले भैया हैं चचा से काफी नाराज?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा संगठन की टीम में आप ये मत सोचो सिर्फ गूर्जर चेहरे ही कर रहे हैं प्रयास? हमें पता चला है, नदिया पार के विनय भैया का भी मामला है बहुत ज्यादा खास? वो अपने व्यवहार और सौम्यता के दम पर टीम में पा सकते हैं स्थान? अब से नहीं वो लंबे समय से पार्टी के लिये कर रहे हैं काम? अगर जाट चेहरे पर चर्चा हुई तो टीम में आसानी से आ जाएगा उनका नाम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इस बात की हर जगह सुनाई दे रही है झुनझुन? क्या भगवा मास्टर सुनेंगे किसी के दिल की गुंजन? सुना है दोनों के बीच है बहुत ही गहरा प्यार? दोनों ही सिस्टम में आने के लिये दिख रहे हैं बेकरार? देखना अब ये है, ये प्यार लेगा किसकी कुबार्नी? फिलहाल तो चर्चा में हैं दोनों की सक्रियता की कहानी?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# आरकेजीआईटी ने टेक्निकल उत्सव तत्व-2025 के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मेरठ रोड स्थित राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गाजियाबाद में टेक्निकल उत्सव तत्व -2025 का आयोजन 4 और 5 अप्रैल को किया जा रहा है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में सांस्कृतिक, साहित्यिक, हॉबी एक्टिविटीज और खेल कूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएँगी। संस्थान के छात्र छात्राओं के अलावा अन्य कॉलेजों से भी बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं इसमें भाग ले रहे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए संस्थान के डायरेक्टर डॉ. बी. सी. शर्मा ने बताया कि वार्षिक उत्सव तत्व-2025 का आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेल प्रतियोगिताओं और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों की श्रृंखला प्रस्तुत की जाएगी। यह उत्सव विद्यार्थियों के प्रतिभा प्रदर्शन और टीम स्पिरिट को बढ़ावा देने का एक शानदार अवसर होगा।




स्टूडेंट एक्टिविटी कॉउन्सिल के चेयरमैन आलोक त्यागी ने बताया कि आरकेजीआईटी संस्थान अपने स्थापना के 25 साल पूरे कर रहा है और इसलिए इस वर्ष रजत जयंती समारोह मना रहा है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक गतिविधियों में अंतर महाविद्यालय समूह नृत्य, अंतर महाविद्यालय नुक्कड़ नाटक, एक्सटेम्पोर, रैंप वॉक, बैंड प्रदर्शन, एकल गायन, गायन, एकल नृत्य, स्किट, युगल गायन, युगल नृत्य, खेल गतिविधियों में अंतर महाविद्यालय बैडमिंटन, अंतर महाविद्यालय वॉलीबॉल, अंतर अंतर महाविद्यालय कबड्डी, अंतर महाविद्यालय शतरंज, टेबल टेनिस, रस्साकशी, बास्केटबॉल और खो-खो खेल का आयोजन किया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान संस्थान के एडवाइजर प्रो. लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ.डी.के. चौहान, डायरेक्टर डॉ. बी. सी. शर्मा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर श्री एच जी. गर्ग, डीन एकेडमिक डॉ. आर. के. यादव, डीन ईआईआई डॉ. पुनीत चंद श्रीवास्तव, डीन एक्रीडिटेशन डॉ. रामेंद्र सिंह, छात्र गतिविधि परिषद के अध्यक्ष आलोक त्यागी, सांस्कृतिक परिषद की संयोजक प्रिया शर्मा, खेल परिषद के संयोजक विकास त्यागी, साहित्य परिषद की संयोजक डॉ. नीना शर्मा, हॉबी परिषद के संयोजक वैभव शर्मा, क्रीड़ा अधिकारी प्रशांत राठी एवं डॉ. संजीव गोयल मौजूद रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समर कूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव गुप्ता ने अपने सुपुत्र अभिषेक गुप्ता के जन्मदिन पर माता रानी से उनके सर्व कल्याण की कामना की। संजीव गुप्ता ने अपनी खुशी को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।